दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 290 | जयपुर | रविवार, 24 अगस्त, 2025 | भादवा, कृष्ण पक्ष-प्रतिपदा संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2.00 | पृष्ठ : 10
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# राजस्थान में बाढ़ के हालात

## सेना बुलाई गई



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान में दो दिन से लगातार हो रही बरसात से बूंदी, बारां, टोंक, सवाई माधोपुर, कोटा समेत कई जिलों में बाढ़ के हालात हैं। तमाम आवासीय इलाके डूब गए हैं। कोटा में तो सेना के जवानों ने मोर्चा संभाला है।

उधर, अलवर के रामगढ़ में शनिवार सुबह तेज बारिश के कारण मकान ढह गया। हादसे में परिवार के 7 लोग दब गए। एक बच्ची की हालत गंभीर है। दौसा के लालसोट स्थित जोहरी का तिबारा में बने राजकीय संस्कृत स्कूल की छत की दो पट्टियां गिर गईं। करौली के बुगड़ार गांव (लांगरा) में पुलिया पार करते समय वीरसिंह जाटव (22) दोपहर करीब 2 बजे बह गया। मौसम विभाग की मानें तो भारी बारिश का ये दौर 25 अगस्त तक रहने की आशंका है। रविवार के लिए भी कोटा और बूंदी के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। बारां, झालावाड़, टोंक, भीलवाड़ा, अजमेर, नागौर, पाली में ऑरेंज और शेष सभी जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### बीसलपुर, पांचना समेत कई बांधों के गेट खोले

तेज बारिश शुरू होने के साथ प्रदेश के कई बांधों के गेट फिर से खुल गए और वहां से पानी की निकासी शुरू कर दी। करौली के पांचना बांध के 4 गेटों से लगभग 17 हजार 496 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। बीसलपुर बांध के 6 गेटों से 72 हजार 120 क्यूसेक, ईसरदा बांध के 5 गेट से 14,780, कालीसिंध बांध के एक गेट से 8161, कोटा बैराज के 2 गेट से 12344 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।

### अब तक 42% ज्यादा बरसात

प्रदेश में अब तक औसत से 42 फीसदी ज्यादा बरसात हो चुकी है। राज्य में 1 जून से 22 अगस्त तक 336.5एमएम औसत बरसात होती है, जबकि इस सीजन में अब तक कुल 476.8एमएम बारिश हो चुकी है।

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- जो साइक्लोनिक सर्कुलेशन पिछले 48 घंटे से मध्य प्रदेश-राजस्थान की सीमा पर रुका था, वह थोड़ा आगे बढ़कर दक्षिण-पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पूर्वी राज के ऊपर आ गया है। मानसून ट्रफ लाइन शनिवार को गंगानगर, चूरू, ग्वालियर (एमपी), सतना (एमपी), डालटनगंज (झारखंड) से होकर बंगाल की खाड़ी में बने लो-प्रेशर सिस्टम तक गुजर रही है। इस सिस्टम के कारण लगातार बारिश हो रही है।



### आरएससीआईटी परीक्षा निरस्त

शनिवार को जयपुर के चौमूं और टोंक के नासिरदा थाने में पानी भर गया। भारी बारिश के चलते कोटा-बूंदी जिलों के कुछ केंद्रों के लिए 24 अगस्त को होने वाली आरएससीआईटी परीक्षा निरस्त की गई है। बूंदी जिले के छह केन्द्रों व कोटा जिले के एक केंद्र पर निरस्त कर दी गई है। टोंक के देवली में बरसात के चलते जयपुर-कोटा हाईवे पर पानी भर गया। कोटा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर ट्रैफिक रोक दिया गया है। बूंदी के लबान के पास दिल्ली-मुंबई रेलवे ट्रैक पर पटरियों के नीचे से मिट्टी खिसक गई। ऐसे में ट्रेनों को आस-पास के स्टेशनों पर रोक दिया गया।







# बूंदी में बाढ़ से हालात बिगड़े

## नैनवां में 20 इंच बारिश-नाले में बहने से महिला की मौत, 6 केन्द्र की आरएससीआईटी परीक्षा निरस्त

बूंदी में लगातार हो रही बारिश से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। नैनवा में 20 इंच बारिश दर्ज की गई है। कई गांवों में घरों में पानी घुस गया है। जिससे लोग छत पर रात गुजारने के लिए मजबूर हैं। राहत और बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ-एनडीआरएफ के साथ सेना ने मोर्चा संभाल लिया है। नाले में बहने से एक महिला की मौत हो गई। बाढ़ के हालातों का जायजा लेने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला केशोरायपाटन पहुंचे। जहां उन्होंने प्रशासन को राहत और बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। लाखेरी और नैनवां क्षेत्र में कई गांव जलमग्न हो गए हैं। लाखेरी का कोटा, बूंदी, सवाईमाधोपुर, टोंक और बारां जिलों से संपर्क टूट गया है।

### नाले में बहने से महिला की मौत

बूंदी के हिंडोली के रैन गांव में खेत में चारा लेने गई महिला कैलाशी बाई (50) पत्नी केसरी लाल की खाल (नाला) में बहने से मौत हो गई। लाखेरी के भावपुरा गांव में एक बोलेरो नाले में बह गई। ग्रामीणों और प्रशासन की टीमों ने कड़ी मशक्कत के बाद वाहन में सवार सात लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।



### बरसात से हुए नुकसान का लिया जायजा

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने केशवरायपाटन में मारवाड़ा बस्ती, सीएडी कॉलोनी, इंद्रपुरिया और हस्तिनापुर गांव में बरसात से हुए नुकसान का जायजा लिया। मौके पर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

### ओम बिरला ने किया बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा

बूंदी के केशोरायपाटन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भारी बारिश के चलते जलभराव से प्रभावित बस्तियों का दौरा किया। लोकसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी तरह की कोई प्रॉब्लम नहीं आना चाहिए।

# ट्रक-ऑटो में टक्कर, 9 की मौत

## विधायक बोले-अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री की गाड़ी ने उड़ाया

बढ़ता राजस्थान



**पटना ( एजेंसी )।** पटना में सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई है। 4 लोग घायल हुए हैं। एक्सीडेंट शनिवार सुबह शाहजहांपुर के दनियावां हिलसा स्टेट हाईवे-4 पर सिगरियावा स्टेशन के पास हुआ। ट्रक-ऑटो में हुई आमने-सामने की टक्कर में 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 ने अस्पताल में दम तोड़ा। मरने वालों में 8 महिलाएं और ऑटो ड्राइवर शामिल हैं। मृतकों में मां-बेटी भी है। दनियावां थाना अध्यक्ष ने बताया, मृतक नालंदा जिले के हिलसा के मलावा के रहने वाले थे। घायलों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। सभी को इलाज के लिए पीएमष्ट॥ भेजा गया है। प्रत्यक्षदर्शी राजीव रंजन ने बताया, सुबह 6 बजे के आसपास की घटना है। ट्रक वाले ने ऑटो को जोरदार टक्कर मारी। ऑटो से सभी गंगा स्नान के लिए जा रहे थे। 8 से 9 लोगों की मौत हुई है। 4-5 घायल हैं।

हादसा सीमेंट फैक्ट्री के पास हुआ। स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रक सीमेंट फैक्ट्री का ही था। हादसे के बाद ट्रक कंपनी के अंदर चला गया। गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर दिया है। मौके पर फैक्ट्री संचालक को बुलाने की मांग कर रहे हैं।

# नेशनल स्पेस डे, पीएम मोदी बोले-हम एस्ट्रोनॉट पूल बना रहे

## युवा भी इससे जुड़ें; कहा- आज देश में 350 से ज्यादा स्पेस स्टार्टअप्स हैं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नेशनल स्पेस डे की शुभकामनाएं देते हुए देश की स्पेस पावर और मिशन गगनयान का जिक्र किया। उन्होंने कहा- भारत अपना एस्ट्रोनॉट पूल भी तैयार कर रहा है। मैं युवाओं से इस पूल से जुड़ने की अपील करता हूं। मोदी ने कहा कि इसरो ने युवाओं की स्पेस फील्ड में रुचि बढ़ाने के लिए भारतीय अंतरिक्ष हैकथॉन और रोबोटिक्स चैलेंज की पहल की है। ये सराहनीय है। इस बार स्पेस डे की थीम आर्यभट्ट से गगनयान तक है। इसमें अतीत का आत्मविश्वास भी है और भविष्य का संकल्प भी है। उन्होंने कहा, स्पेस सेक्टर में एक के बाद एक माइलस्टोन्स गढ़ना देशवासियों का स्वभाव बन गया है। दो साल पहले भारत चंद्रमा के साउथ पोल पर पहुंचने वाला पहला देश बना और इतिहास रचा। इस मौके पर इसरो ने दिल्ली में भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का मॉडल लॉन्च किया। इसका पहला हिस्सा 2028 में शुरू होगा और पूरा स्टेशन 2035 तक बनकर तैयार हो जाएगा। इसरो ने चंद्रयान-4 और वीनस ऑर्बिटर मिशन पर भी विचार करना शुरू कर दिया है। दरअसल, भारत 23 अगस्त 2023 को चांद पर उतरने वाला चौथा देश बना था। पीएम मोदी ने इस दिन को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में घोषित किया, जिसके बाद हर साल 23 अगस्त को भारत अपना नेशनल स्पेस डे मनाता है।



### मोदी बोले- अब हमें अंतरिक्ष की गहराई तक जाना है

उन्होंने कहा- अभी हम मून और मार्स तक पहुंच चुके हैं। अब हमें अंतरिक्ष की गहराई तक जाना है, जहां मानवता के भविष्य के कई रहस्य छिपे हैं। अंतरिक्ष हमें हमेशा यह एहसास दिलाता है कि कोई भी पड़ाव अंतिम पड़ाव नहीं होता। मैं मानता हूं कि स्पेस सेक्टर की नीतियों में भी कोई अंतिम ठहराव नहीं होना चाहिए। इसलिए मैंने लाल किले से कहा था रिफॉर्म, परफॉर्म का रास्ता है। इसीलिए बीते 11 सालों में देश ने स्पेस सेक्टर में बड़े रिफॉर्म किए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा- अभी हम साल में 5-6 बड़े लॉन्च देखते हैं। मैं चाहता हूं कि अगले 5 सालों में हर हफ्ते एक रॉकेट लॉन्च कर सकें यानी साल में 50 लॉन्च। देश को जिन नेक्स्ट जेन रिफॉर्म्स की जरूरत है, उन्हें करने का सरकार के पास इरादा भी है और शक्ति भी। स्पेस टेक भारत में गवर्नेंस का भी हिस्सा बन रही है।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू, टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# बरसती रही आफत, कुंभकरण की नींद सोता रहा प्रशासन
# मीडिया ने जगाया तो लोगों को मिली राहत






मीडिया के हस्तक्षेप के बाद जल भराव क्षेत्र का जायजा लेने पहुंची उपखंड अधिकारी और पालिका के अधिशासी अधिकारी।

## बाढ़ मुक्त भौगोलिक तोर पर देवली शहर की बेहतरीन बसावट लेकिन पिछले 5 -7 सालों से यहां बन रहे हैं बाढ़ जैसे हालात

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** यहां शुक्रवार शनिवार को 48 घंटे तक लगातार हल्की मध्यम होती रही बारिश से शहर के कई इलाकों के गली मोहल्ले में पानी भर जाने की समस्या बनी रही। शहर वासियों ने इसका मुख्य कारण शहर के मुख्य नालो पूर्णता सफाई नहीं होना और नालों पर बहु मंजिला इमारतो का खड़ी होना माना है। यह उतना ही सत्य है जितना आज के दौर में बढ़ता भ्रष्टाचार। तो वहीं शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन ने बाढ़ जैसे हालातो से निमटने के लिए समय रहते नहीं कर रखी थी व्यवस्था जिसके कारण हल्की मध्यम बारिश से शहरी और ग्रामीण इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बनते देखे गए । इसलिए कि पालिका प्रशासन ने इसी वर्ष के जून माह में शहर के मुख्य नालो की सफाई करने का अभियान चलाया था लेकिन इस दौरान पालिका प्रशासन के कर्मचारियों ने मुख्य नालों की सफाई दौरान महज खानापूर्ति करते हुए सफाई कार्य मे इति श्री कर दी थी। जिसके कारण बारिश का पानी नालों में जाने की बजाय शहर के मुख्य मार्गों गली मोहल्ले में घुसता चला आ रहा है। शुक्रवार और शनिवार दोपहर तक लगातार हो रही हल्की मध्यम बारिश के बीच शहर में जगह-जगह पानी भरने की समस्या को लेकर लोगों ने बताया कि पालिका प्रशासन आम व्यक्ति की सुनाई नहीं करता है। पालिका के सफाई कर्मचारियों ने नालों की सफाई में केवल पन्नी प्लास्टिक और मामूली कचरे को ही बाहर निकलना का कार्य किया है। नालों के तल तक पूर्णता सफाई नहीं की गई ।

सोशल मीडिया पर चर्चा रही कि पालिका प्रशासन की लापरवाही अनदेखी और मिलीभगत के कारण शहर के मुख्य नालों पर बहु मंजिला इमारतें खड़ी हो गई है। जिससे इमारतो के नीचे दबे मुख्य नालो की सफाई पिछले एक दशक से बिल्कुल नहीं हो रही हैं। उल्लेखनीय है कि देवली शहर बाढ़ मुक्त भौगोलिक तोर पर बेहतरीन बसावट पर बसाया हुआ है। लेकिन पिछले 5 -7 सालों से यहां बन रहे हैं बाढ़ जैसे हालातो पर भ्रष्टाचार मुख्य कारण बना हुआ है। शनिवार को शहर में जगह-जगह भर रहे बारिश के पानी की समस्या पर जब देवली संवाददाता ने ऐसे हालातो पर हस्तक्षेप किया और उपखंड अधिकारी रूबी अनुसार एवं पालिका अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा को लोगों से मिल रही जानकारी पर बताया कि देवली शहर के नेकचाल रोड स्थित मुख्य नाले मे सफाई के अभाव के कारण से अवरुद्ध बना हुए हैं। जिसके कारण शहर के निचले इलाकों में हल्की मध्यम बारिश का पानी भर जाता है। इस पर कुंभकरण की नींद सो रहे प्रशासन की नींद टूटी, और उपखंड अधिकारी रूबी अंसार एवम पालिका अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा देवली शहर के जल भराव क्षेत्र का दौरा करने निकल पड़े। यहां उपखंड अधिकारी रूबी अंसार ने हालातो का जायजा लिया। इस पर उपखंड अधिकारी ने नालों में बन रहे अवरोधों को हटाने के लिए पालिका प्रशासन को कहा इसके बाद औपचारिक तौर पर जल भराव क्षेत्र से अवरोध हटाए गए तब जाकर कहीं निचले इलाके क्षेत्र वासियों को कुछ हद तक राहत पहुंची।

- आपदा प्रबंधन समय रहते नहीं कर रहा बाढ़ रहित व्यवस्था
- देवली पालिका ने मुख्य नालों पर खड़ी करवा दी इमारतें जिसके कारण मुख्य नालो कि नहीं हो रही सफाई,, रोड पर नदी की तरह बहता है बारिश का पानी

### ऐसे हालातो पर क्या कहते हैं

बारिश होगी तो पानी भी भरेगा ही ना बारिश रुकेगी तो धीरे-,धीरे कुछ ही देर में निकल जाएगा पानी वैसे देवली नगर पालिका के कर्मचारियों को इस काम के लिए लगा रखा है ।

*रूबी अंसार*
*उपखंड अधिकारी, देवली*

बारिश के पानी के बहाव क्षेत्र मैं जहां नालो में अवरोध बना हुआ है पालिका के कर्मचारियों को वहां भेज कर नालो को दिखा देते हैं।

**सुरेश कुमार मीणा**
**अधिशासी अधिकारी,नगर पालिका देवली**

## अखाड़ा परिषद भाजपा नेता धूड़सिंह शेखावत का स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** भौनावास निवासी उद्योगपति, समाजसेवी एवं भाजपा नेता धूड़सिंह शेखावत का अखाड़ा परिषद पावटा में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने माला, साफा पहनाकर एवं पौधे भेंटकर स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि हाल ही में मोहन गौशाला भौनावास में सर्वसम्मति से उन्हें गौशाला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसी उपलक्ष्य में स्वागत समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर शेखावत ने कहा कि गांव समाज ने जो जिम्मेदारी दी है, उसका निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए वे गौ माता और समाज सेवा के कार्यों में सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि गौ सेवा करना हमारा परम कर्तव्य है। कार्यक्रम में जल प्रहरी एवं पानी-पेड़-प्रकृति बचाओ नंगे पैर यात्री दीपसिंह शेखावत, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मुखराम धनखड़ सहित कई वक्ताओं ने गोवंश की स्थिति पर चिंता व्यक्त की और प्लास्टिक व सूखे को अकाल मृत्यु का कारण बताया।

इस मौके पर सवाई सिंह खेलना, किसान नेता रामेश्वर भाटिया, मक्खन लाल सैनी, मुखराम धनखड़, कालूराम ककोड़िया, युवा नेता मनजीत खोजा, मुरारी लाल जांगिड़ समेत अखाड़ा परिषद के कई पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## समकालीन भारतीय कला में समालोचना पर स्वाति लोढ़ा को पीएच.डी.

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के दृश्य कला विभाग की शोधार्थी स्वाति लोढ़ा को शिफ्टिंग पेराडिग्म्स ऑफ क्रिटिकल इन कंटेम्परेरी इंडियन आर्ट - एन एनालिटिकल स्टडी विषय पर शोध कार्य के लिए पीएच.डी. उपाधि प्रदान की गई है।

यह शोध प्रो. मदन सिंह राठौड़ के निर्देशन में पूर्ण हुआ। स्वाति लोढ़ा ने अपने अध्ययन में समकालीन भारतीय कला में आलोचना की बदलती धाराओं को ऐतिहासिक और विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण से परखा है।

शोध में उन्होंने दर्शाया कि बदलते समय, तकनीकी विकास और वैश्विक विमर्शों के प्रभाव से कला-आलोचना किस प्रकार नए प्रतिमान गढ़ रही है और भारतीय कला जगत में किस तरह नए दृष्टिकोण सामने आ रहे हैं।

## महावीर थाना पुलिस ने तीन इनामी बदमाशों को दबोचा

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** श्री महावीरजी थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए अनुसूचित जाति के एक व्यक्ति को जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने और मारपीट करने के मामले में फरार चल रहे तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों पर प्रत्येक पर 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित था और ये पिछले पांच माह से फरार चल रहे थे। पुलिस ने लगातार प्रयास करते हुए आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार बदमाशों से पूछताछ जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस कार्रवाई से क्षेत्र में आपराधिक तत्वों पर अंकुश लगेगा और पीड़ित को न्याय मिलेगा।

## मन्नत वाले राजा बप्पा के स्वागत की तैयारियां जोरों पर

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** न्यू मेवाड़ मित्र मंडल की ओर से इस वर्ष भी लालबाग परेल वर्कशॉप, मुंबई से मन्नत वाले राजा बप्पा का आगमन 27 अगस्त गणेश चतुर्थी पर उदयपुर में होगा। उनके स्वागत को लेकर शहरभर में जोरदार तैयारियां चल रही हैं। मंडल संचालक विशाल जैन ने बताया कि लगातार 22वें वर्ष मंडल द्वारा बप्पा की 15 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा लखारा चौक-मार्शल चौराहा मार्ग पर विराजित की जाएगी। इस बार प्रतिमा को मुंबई से उदयपुर लाने पर लगभग 2.65 लाख रुपये का खर्च आया है, जिसे अब तक का सबसे महंगा गणपति माना जा रहा है। आयोजन स्थल पर 800 मीटर क्षेत्र में विशाल पंडाल सजाया जाएगा, जो उदयपुर का सबसे भव्य पंडाल कहलाएगा। 10 दिनों तक बप्पा को प्रतिदिन अलग-अलग आभूषणों और श्रृंगार से सजाया जाएगा तथा विविध व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा।

## पुलिस-पत्रकार सम्मान समारोह आज मधुश्री सभागार में

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (नि.स.)। जय हनुमान रामचरितमानस प्रचार समिति ट्रस्ट, उदयपुर (मेवाड़) एवं बीइंग मानव सेवा संस्थान, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार दोपहर 2 बजे सोभागपुरा 100 फीट रोड स्थित मधुश्री सभागार, अशोका पैलेस में पुलिस-पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित होगा। आयोजन समिति अध्यक्ष राहुल अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज की सामाजिक और नैतिक सुरक्षा के दो स्तंभ—पुलिस विभाग और पत्रकारिता जगत—के उन प्रतिनिधियों को सम्मानित करना है जिन्होंने सत्यनिष्ठा, साहस और निस्वार्थ भाव से कार्य करते हुए जनहित में उल्लेखनीय योगदान दिया है। समारोह में पं. सत्यनारायण चौबीसा (सामाजिक कार्यकर्ता) मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। आयोजन समिति ने उदयपुरवासियों से सपरिवार उपस्थित होकर इस सामाजिक पहल को सफल बनाने की अपील की है।

## रोटरी क्लब मेवाड़ के इंटरेक्ट क्लब ऑफ यूनिवर्सल का शपथ ग्रहण सम्पन्न




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर मेवाड़ के तत्वावधान में द यूनिवर्सल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, फतेहपुरा शाखा में इंटरेक्ट क्लब ऑफ यूनिवर्सल का भव्य शपथ ग्रहण समारोह उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि क्लब अध्यक्ष मनीष गन्ना और विशिष्ट अतिथि सचिव मुकेश शर्मा ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 के पूर्व असिस्टेंट गवर्नर संदीप सिंघटवाडिया ने इंटरैक्ट क्लब की सामाजिक योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सर्दियों में ग्रामीण क्षेत्रों में एक हज़ार गर्म वस्त्र और जूते-मोज़ों का वितरण किया जाएगा।

नव-निर्वाचित पदाधिकारियों में प्रेसिडेंट जिनी सुथार, वाइस प्रेसिडेंट दया कुमार राठौड़, सेक्रेटरी हिमांशी प्रजापत, वाइस सेक्रेटरी अंशिका वैष्णव, सोशल वेलफेयर सेक्रेटरी सौम्या शुक्ला, वाइस सेक्रेटरी लेखा पालीवाल, कल्चरल सेक्रेटरी दर्शिका देओरा, वाइस सेक्रेटरी कुसई युसुफ लालजीवाला, हेल्थ एवं हाइजीन सेक्रेटरी प्रिंस गेहलोत, वाइस सेक्रेटरी इफरा फातिमा शामिल रहे।

कार्यक्रम में पुनीत पुजारी ने कविता प्रस्तुत की, वहीं कनीरा तिवारी, काव्या वेद, नविका पालीवाल और कनिष्का सारंगदेवोत ने सरस्वती वंदना पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध किया। संचालन मोनिका सिंघटवाडिया, तन्वी टांक और जिन्नी सुथार ने किया तथा समापन प्रधानाचार्या सोनाली शर्मा के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

## प्रागपुरा में विशाल भण्डारा, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी
# धार्मिक आयोजन सामाजिक समरसता के प्रतीक

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के दिल्ली-जयपुर राजमार्ग संख्या 48 पर स्थित कृपाल दास महाराज की बगीची में हनुमान जी महाराज व रोगनाकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में शनिवार को विशाल भण्डारे का आयोजन हुआ। दोपहर करीब 1 बजे अचानक हुई भारी बरसात से पांडाल में पानी भर गया, लेकिन श्रद्धालुओं ने स्वयं व्यवस्था सम्भाली और कार्यक्रम निर्बाध रूप से चलता रहा।

इस अवसर पर पूर्व सरपंच एलन स्वामी ने कहा कि धार्मिक आयोजन सामाजिक समरसता के प्रतीक होते हैं। उन्होंने युवाओं को बुराइयों से दूर रहकर शिक्षा व संस्कारों से आगे बढ़ने का संदेश दिया। गायक कलाकार सीताराम माहसी कंवरपुरा ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को सकारात्मक ऊर्जा व पीढ़ी को प्रेरणा प्रदान करते हैं।

मंदिर महंत सुनील स्वामी के सानिध्य में हुए आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक प्रसादी ग्रहण की। इससे पूर्व शुक्रवार को रामायण पाठ, संकीर्तन व शिवाभिषेक के साथ रात्रि सत्संग हुआ।

गायक कलाकार महावीर माहसी एंड पार्टी ने भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। चारों ओर जय श्रीराम और हर हर महादेव की गूंज से परिसर गुंजायमान हो उठा।

मेला समिति ने आगंतुक अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता सावंलराम चंदेला, संतोष यादव मानपुरा सहित क्षेत्र के गणमान्यजन मौजूद रहे।

## मेवाड़ के माधवेन्द्रसिंह राठौड़ को वर्ल्ड रिकॉर्ड सम्मान
### आंखों पर पट्टी बांधकर पहचाने 70 हथियार

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** इन्फ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के भव्य समारोह में मेवाड़ के 15 वर्षीय बालक माधवेन्द्रसिंह राठौड़ को अद्भुत स्मरणशक्ति के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने आंखों पर पट्टी बांधकर 70 से अधिक प्रकार के हथियारों—टैंक्स, गन्स, मिसाइल्स और अन्य सैन्य उपकरणों—की सटीक पहचान कर सबको चकित कर दिया। माधवेन्द्र ने यह विश्व रिकॉर्ड कारगिल विजय दिवस (26 जुलाई 2025) पर स्थापित किया। उन्हें यह विशेष कौशल जयपुर स्थित एबीसी-ए ब्रेन कोच के मिडब्रेन एक्टिवेशन एवं सेंसेरी एन्हांसमेंट प्रोग्राम के तहत माइंड ट्रेनर निशा पारीक के मार्गदर्शन से प्राप्त हुआ। सम्मान समारोह में इन्फ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की ओर से उन्हें सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया, जिसे उनके दादाजी एडवोकेट गोपालसिंह राठौड़ ने ग्रहण किया। इस उपलब्धि से न केवल राजस्थान बल्कि पूरे देश को गौरव प्राप्त हुआ है।



## लीकेज से नाली का गंदा पानी घरों में सप्लाई, दूषित पानी पीने से बीमारियों का खतरा बढ़ा, वार्डवासियों में आक्रोश



बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** जलदाय विभाग की लापरवाही के चलते कस्बे के वार्ड नंबर 21 और 22 के लोगों को मजबूरन नालियों का गंदा पानी पीना पड़ रहा है। दूषित पानी की सप्लाई से क्षेत्र में जलजनित बीमारियों के फैलने का खतरा गहराता जा रहा है। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन विभाग द्वारा लीकेज दुरुस्त कराने की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही।

हनुमान मंदिर के पास मुख्य रास्ते पर पेयजल लाइन नाली में लीकेज होने से गंदा पानी हर रोज सप्लाई लाइन में मिल रहा है और वही पानी घरों तक पहुँच रहा है।

वार्ड निवासी विनोद सैनी ने बताया कि पिछले कई दिनों से नाली के बीच लीकेज से हर रोज बदबूदार व मटमेला पानी सप्लाई हो रहा है, जिसे पशु तक पीने से कतराते हैं, मगर वार्डवासी मजबूरी में यही पानी पीने को विवश हैं।

वार्डवासियों का कहना है कि यह विभागीय लापरवाही लोगों के स्वास्थ्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। उन्होंने मांग की कि जलदाय विभाग तत्काल लीकेज दुरुस्त करवाकर पेयजल सप्लाई में गंदे पानी की समस्या से राहत दिलाए।

## शाह समाज (मुस्लिम) विकास संस्थान की जिला कार्यकारिणी का गठन

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** शाह समाज (मुस्लिम) विकास संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष समसुद्दीन शाह के निर्देश पर संगठन को अधिक सक्रिय एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से करौली जिले की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रफीक शाह एवं जिला मीडिया प्रभारी अजीम खान चिनायटा ने बताया कि मूंडिया निवासी सन्नू शाह को जिला सह संयोजक, कासिम खान को जिला सचिव, इस्लाम शाह मूंडरी को तहसील अध्यक्ष, घीस्या शाह को जिला संगठन मंत्री तथा नसीब शाह मंडावरा को जिला सचिव नियुक्त किया गया है।

नेतृत्वकर्ताओं ने कहा कि नई नियुक्तियों से संगठन को मजबूती और ऊर्जा मिलेगी। कार्यकारिणी विस्तार की घोषणा के बाद शाह समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष एवं संगठन के हाईकमान का आभार जताते हुए संगठन के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

# कन्या महाविद्यालय में नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी ) ।** कस्बे के डाबला रोड स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में नशा मुक्ति केंद्र के सहयोग से एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय नशा के कारण, परिणाम एवं दुष्प्रभाव तथा नशा मुक्ति के उपाय था, जिसका उद्देश्य छात्राओं में सामाजिक जागरूकता लाना और उन्हें नशा जैसे गंभीर सामाजिक अभिशाप के खिलाफ सशक्त बनाना था।

यह कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. आर.पी. गुर्जर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. जे.आर. गुर्जर और कार्यक्रम अधिकारी प्रो. यामिनी यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाविद्यालय की छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में बहुत उत्साह के साथ भाग लिया।

निर्णायक मंडल द्वारा मूल्यांकन के बाद परिणाम घोषित किए गए। जिसमें तन्नू यादव ने प्रथम स्थान, समता गुर्जर ने द्वितीय स्थान, और अंजली मोरोड़िया तथा मनीषा कुमारी यादव ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्राचार्य प्रो. आर.पी. गुर्जर ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि नशा हमारे समाज और युवा पीढ़ी के भविष्य के लिए एक गंभीर खतरा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्राओं को सकारात्मक सोच और सामाजिक कर्तव्यबोध से जोड़ती हैं।

प्रभारी डॉ. जे.आर. गुर्जर ने बताया कि विजेता प्रतिभागियों को महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। अंत में, प्रो. यामिनी यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया और छात्राओं को सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प दिलाया।

यह आयोजन न केवल नशा मुक्ति अभियान की दिशा में एक सार्थक प्रयास था, बल्कि इसने छात्राओं को सामाजिक विषयों पर गहराई से सोचने और अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने का अवसर भी प्रदान किया।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक मौत

## रेलवे लाइन के पास पड़ा मिला शव मालपुरागेट थाना पुलिस कर रहीं है मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** मालपुरा गेट थाना इलाके में एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। रेलवे ट्रेक पर युवक का शव पड़ा देख लोगों में सनसनी फैल गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के महात्मा गांधी अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया।

पुलिस ने बताया कि शनिवार को सवाईमाधोपुर रेलवे लाइन के पिलर नंबर - 117 के पास एक युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से पूछताछ कर उसकी शिनाख्तगी के प्रयास किए। लेकिन फिलहाल पुलिस के हाथ कोई सफलता नहीं लगी। पुलिस ने बताया कि मृक की उम्र करीब 40 साल के आसपास है और रंग गोरा है। शरीर दुबला-पतला है और उसने नीले रंग की पेंट और सफेद लाइन दार शर्ट पहन रखी है। पुलिस हुलिए और गुमशुदगी के आधार पर मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास करने में लगी है।

## पेमेंट का फर्जी स्क्रीनशॉट दिखाकर लाखों रुपये ठगी करने वाला आरोपित गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** श्याम नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पेमेंट का फर्जी स्क्रीनशॉट दिखाकर ठगी करने वाला आरोपित जतिन सुखीजा को गिरफ्तार किया गया है और साथ ही आरोपित के पास से मैसर्स एयर कंडीशनर्स एंड सॉल्यूशन से ठगी के छह एसी बरामद किए गए है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दक्षिण ललित किशोर शर्मा ने बताया कि श्याम नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पेमेंट का फर्जी स्क्रीनशॉट दिखाकर ठगी करने वाला आरोपित जतिन सुखीजा निवासी आदर्श नगर जयपुर को गिरफ्तार किया गया है थानाधिकारी दलबीर सिंह ने बताया कि पीड़ित अमित खुल्लर ने मामला दर्ज करवाया था कि जतिन नाम के लड़के ने उसकी दुकान से 21,22,27 अप्रैल और 7,8 और 11 मई को उसने दो लाख तीस हजार चार सौ रुपये के वोल्टास कंपनी के छह एसी खरीदे और पेमेंट का स्क्रीनशॉट उसके मोबाइल पर व्हाट्सएप किया था। जब पीड़ित ने बैंक जाकर खाते का स्टेटमेंट चेक किया तो उसके खाते में जतिन के नाम से पेमेंट प्राप्त नहीं हुआ था । जतिन नामक व्यक्ति ने उससे 6 एसी खरीद कर फर्जी पेमेंट के स्क्रीनशॉट भेजकर दो लाख तीस हजार चार सौ रुपये की धोखाधड़ी की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल करते हुए आरोपित को पकडा है।

## हजरत मुहम्मद सल्ललाहु अलैहि वसल्लम की जीवनी से कराया रूबरू

### बड़ी चौपड़ पर आज होगी आलमी मिलाद कांफ्रेंस

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** हजरत मुहम्मद साहब की जीवनी से लोगों को अवगत कराने को लेकर1500वां जश्ने मिलादुन्नबी का यहां राजधानी जयपुर में आगाज हुआ।मुफ्ती-ए-शहर जयपुर मुफ्ती अब्दुस्सत्तार रजवी साहब की सरपस्ती व सुन्नी दावते इस्लामी के संरक्षक मौलाना सैय्यद मुहम्मद कादरी साहब के सानिध्य में 1447 हिजरी का परचम कुशाई से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसमें शहर के औलामा, जिम्मेदार हजरात एवं वरिष्ठजन मौजूद रहे। इस दौरान विभिन्न वक्ताओं ने हजरत मुहम्मद सल्ललाहु अलैहि वसल्लम की जीवनी के बारे में बताते हुए उनके बताए सन्मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इसी के साथ जश्ने मिलादुन्नबी के जुलूस में आने वाले लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।कार्यक्रम संयोजक मौलाना सैय्यद मुहम्मद कादरी साहब के अनुसार सुन्नी दावते इस्लामी की ओर से 24 अगस्त को रात 9.30 बजे रामगंज चौपड़ पर आलमी मिलाद कांफ्रेंस का आयोजन किया जाएगा।

# जिला कलक्टर के निर्देश पर फील्ड में उतरे प्रशासनिक अधिकारी

## जिला प्रशासन के अधिकारियों ने वर्षा प्रभावित इलाकों का किया दौरा

### जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने भी जयपुर के कई इलाकों का किया निरीक्षण

- जर्जर भवनों, वर्षा से हुए नुकसान का लिया जायजा, आमजन से किया संवाद
- जल भराव के क्षेत्रों में राहत पहुंचाने के लिए अधिकारियों को किया निर्देशित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** लगातार हो रही बारिश के चलते शहर के कई इलाके प्रभावित हुए हैं। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर हालात का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जर्जर भवनों, जलभराव और बारिश से हुए अन्य नुकसान की स्थिति का आकलन किया तथा आमजन से संवाद कर समस्याएं जानीं।

जिला कलक्टर डॉ. सोनी ने स्वयं भी वर्षा प्रभावित एवं जलभराव वाले निचले इलाकों का दौरा कर स्थिति की जानकारी ली और स्थानीय नागरिकों से मुलाकात की। उन्होंने संबंधित विभागों को तत्काल राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी बारिश की संभावना को देखते हुए डूब क्षेत्र में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने एवं आवश्यकता पड़ने पर नजदीकी नियंत्रण कक्ष से तुरंत संपर्क करने की अपील की। जिला कलक्टर डॉ. सोनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए, जहाँ आवश्यक हो वहाँ मड पंप लगाकर पानी की निकासी सुनिश्चित की जाए तथा कमजोर एवं जर्जर भवनों में रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर अस्थायी रूप से




स्थानांतरित किया जाए। संभावित जोखिम वाले क्षेत्रों में सैंडबैग लगाने और जलभराव को रोकने के उपाय भी करने के निर्देश दिए गए। वहीं, जिले के सभी उपखंड अधिकारियों और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने लो लाइन एरिया, जर्जर भवनों और जलभराव प्रभावित बस्तियों का निरीक्षण किया। प्रशासन ने नगर निकाय, पीएचईडी, पीडब्ल्यूडी और आपदा प्रबंधन दल सहित सभी संबंधित एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ सतत निगरानी रखने और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि नागरिकों को न्यूनतम असुविधा हो।

## अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने देखी फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स की कार्यप्रणाली

### खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता और स्वस्थ खान-पान की आदतों के बारे में जागरूकता फैलाती है- एडीएम

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी ) ।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण ने किया फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स वैन का निरीक्षण कर फूड जांच और वैन उपकरणों का जायजा लेकर दी जा रही सुविधाओं की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। एडीएम ने बताया कि फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण की एक पहल है जिसमें खाद्य पदार्थों की जांच करने वाली मोबाइल इकाइयाँ होती हैं, जो दूध, पानी और तेल जैसे पदार्थों में मिलावट की जांच करती हैं और आम नागरिकों, खाद्य व्यवसायों और खाद्य संचालकों के बीच खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता और स्वस्थ खान-पान की आदतों के बारे में जागरूकता फैलाती है. उन्होंने बताया कि यह दूर-दराज और पहुंच से बाहर के इलाकों में भी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निगरानी गतिविधियां करने में मदद करती है।

## पीसीसी सचिव डॉ. मोहम्मद शोएब ने लोगों को किया जागरुक

### कॉन्ग्रेस कार्यकर्ताओं से लोगों को जागरुक करने का किया आह्वान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** भारत का लोकतंत्र जनता की भागीदारी और उसके मताधिकार पर आधारित है।लेकिन हाल के दिनों में जिस तरह के मामले सामने आए हैं, वे इस व्यवस्था की साख पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाते हैं। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने संसद में खुलासा किया कि देश में योजनाबद्ध तरीके से वोट चोरी की जा रही है और चुनाव आयोग इस पर खामोश है। यह बात आज यहां आयोजित कॉन्ग्रेस कार्यकर्ताओं की गोष्ठी में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव डॉ. मोहम्मद शोएब ने कही। वे बोले-सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि बड़ी संख्या में ज़िंदा लोगों को मृत घोषित कर उनके नाम वोटर



लिस्ट से हटा दिए गए। जिन परिवारों के लोग सालों से मतदान करते आ रहे थे, अचानक उन्हें सूची से बाहर कर दिया गया। यह स्थिति केवल एक तकनीकी गलती नहीं बल्कि गंभीर लापरवाही या फिर किसी साज़िश का संकेत देती है। मुख्य वक्ता डॉ. शोएब ने कहा कि लोकतंत्र में वोट देना केवल एक अधिकार नहीं बल्कि हर नागरिक की पहचान और सम्मान है। अगर किसी के मताधिकार को इस तरह छीना जाता है, तो यह सीधे-सीधे संविधान की भावना के विपरीत है। राहुल गांधी ने सही कहा कि चुनाव आयोग को निष्पक्ष रहकर जनता के विश्वास को कायम रखना चाहिए, लेकिन मौजूदा हालात में उसकी भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने कहा-कांग्रेस पार्टी ने इस मुद्दे को संसद और सड़क दोनों पर मजबूती से उठाया है। उन्होंने केंद्र सरकार व चुनाव आयोग से मांग करते हुए कहा कि जिन मतदाताओं के नाम गलत तरीके से हटाए गए हैं, उन्हें तुरंत बहाल किया जाए और इस पूरी प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच हो। पीसीसी सचिव डॉ. मोहम्मद शोएब ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा-याद रखना होगा कि वोट सिर्फ़ एक पर्ची नहीं है, यह लोकतंत्र की आत्मा है। यदि जनता का विश्वास टूटेगा, तो लोकतंत्र भी खोखला हो जाएगा।

### देश में हो रहा संविधान का खुला उल्लंघन ~ डॉ. समरा

**राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व महासचिव डॉ. समरा सुल्ताना ने केंद्र सरकार व चुनाव आयोग की मिली भगत से देश में हो रहे वोट चोरी की कड़ी निंदा करते हुए इसे संविधान का खुला उल्लंघन करार दिया।? वहीं उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की मुहिम को जन-जन तक पहुंचाएं। साथ ही जनता को जागरुक कर वोट चोरी की घटनाओं पर अंकुश के लिए आगे आए।**

## श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव की तैयारियों को लेकर अग्रवाल समाज समिति की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी ) ।** कस्बे के अग्रसेन भवन में अग्रवाल समाज समिति की बैठक अध्यक्ष एड. योगेश शरण बंसल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव पर होने वाले साप्ताहिक विभिन्न कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई एवं कार्यक्रमों के स्वरूप को अंतिम रूप दिया गया। मीडिया प्रभारी हेमंत मोरीजावाला ने बताया की 17 से 20 सितंबर तक चार दिवसीय कार्यक्रम व प्रतियोगितायें महिला मंडल के द्वारा अग्रसेन भवन में आयोजित की जायेगी। जिसमें 17 सितम्बर को रंगोली व पोस्टर मेकिंग (13 से 18 वर्ष के बालक बालिकाओं के लिये) व नॉन फायर कुकिंग (10 से 18 वर्ष के बालक बालिकाओं के लिये), 18 सितम्बर को फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता (02 से 05 व 06 से 10 वर्ष के बालक बालिकाओं) व डांस कंम्पीटिशन (05 से 11 व 12 से 18 वर्ष के बालक बालिकाओं) एवं एक मिनट गेम (06 से 12 वर्ष के बच्चों के लिये) 19 सितम्बर को एक मिनट गेम, म्यूजिकल चेयर (18 वर्ष से अधिक) अनुपयोगी सामान से उपयोगी सामान वस्तु बनाना (10 से 15 वर्ष के बच्चों के लिये) फैंसी पैकिंग (13 वर्ष से अधिक महिलाओं व बालिकाओं के लिये) निबंध



प्रतियोगिता (06 से 12 वर्ष के बच्चों के लिये) 20 सितम्बर को भव्य अग्र मेला, डांडिया (18 वर्ष से अधिक की महिलाओं के लिये) व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता होगी। 21 सितम्बर को समाज का वार्षिक अधिवेशन व प्रतिभा सम्मान समारोह होगा एवं श्री अग्रसेन जयंती की पूर्व संध्या पर सायं 07:15 बजे से एक शाम (महाराज श्री अग्रसेन जी के नाम) नृत्यमयी व संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल समाज समिति द्वारा अग्रसेन तिराहा पर किया जायेगा। 22 सितम्बर को श्री अग्रसेन जी महाराज की विशाल शोभायात्रा श्री अग्रसेन भवन से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई अग्रसेन मंदिर अग्रसेन कटला में पहुंचेगी, जहां महाआरती होगी। इसके उपरांत शोभायात्रा आजाद चौक होते हुए अग्रसेन तिराहा पर पहुंचेगी, जहां भव्य आतिशबाजी का प्रदर्शन किया जायेगा तथा श्री अग्रसेन महाराज की आरती की जायेगी। समापन पर लक्की ड्रॉ अग्रसेन भवन में होगा। बैठक में उपाध्यक्ष कुलदीप बंसल, महामंत्री नितेश बंसल, कोषाध्यक्ष नृसिंह दास अग्रवाल, मंत्री प्रमोद गोयल, सदस्य हरिनारायण मोरीजावाला, अमरनाथ बंसल, सुभाष चंद्र बंसल, नरेश अग्रवाल, दिनेश सिंघल, सांवरमल गोयल, राजेश सवाईका, मनोज अग्रवाल, संगम गुप्ता, सीताराम अग्रवाल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने की स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा

### कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रथम डॉ. रवि शेखावत, द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल सहित चिकित्सा विभाग के अधिकारी और संबंधित विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। कलेक्टर डॉ. सोनी ने सक्षम जयपुर अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि आमजन को शिविरों का अधिक से अधिक लाभ दिलाया जाए तथा शिविरों में एनसीडी स्क्रीनिंग स्टॉल लगाकर लोगों की स्वास्थ्य जांच की जाए।

उन्होंने आरबीएसके कार्यक्रम के तहत बच्चों की स्क्रीनिंग एवं उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।




मौसमी बीमारियों की रोकथाम पर चर्चा के दौरान कलेक्टर ने ऐंटीलार्वा गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करने पर बल दिया। बैठक में एमएनडीवाई एवं एमएनजेवाई योजनाओं की समय पर पोर्टल एंट्री, एनसीडी कार्यक्रम में और अधिक प्रयास, कोटपा एक्ट के अंतर्गत नगर निगम से समन्वय, एएनसी रजिस्ट्रेशन में पिछड़े ब्लॉक्स में सुधार तथा पीसीपीएनडीटी योजना में नियमित निरीक्षण व डिकोय ऑपरेशन पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में आईएचआईपी पोर्टल पर डेटा एंट्री, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, परिवार कल्याण कार्यक्रम, जेएसवाई, राजश्री, लाडो, आभा आईडी, माँ वाउचर, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, अनीमिया मुक्त राजस्थान एवं ई-केवाईसी जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई।

# कोटपूतली नगर परिषद में हाई प्रोफाईल ड्रामा, आयुक्त धर्मपाल जाट पुनः एपीओ

## डीएलबी व आयुक्त जाट के बीच विगत तीन माह से चल रहा नाटकीय घटनाक्रम

### लगातार दुसरी बार डीएलबी ने आयुक्त जाट को किया एपीओ

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी ) ।** नवगठित जिला कोटपूतली- बहरोड़ के जिला मुख्यालय कोटपूतली की सबसे बड़ी राजकीय ईकाई नगर परिषद कोटपूतली में विगत तीन माह से राज्य सरकार, स्वायत्त शासन निदेशालय (डीएलबी), राजस्थान सिविल सेवा अधिकरण से लेकर यहां कार्यरत आयुक्त धर्मपाल जाट के बीच हाई प्रोफाईल ड्रामा देखने को मिल रहा हैं।

इसी नाटकीय घटनाक्रम में स्वायत्त शासन विभाग (डीएलबी) द्वारा शुक्रवार 22 अगस्त को देर शाम आदेश जारी करते हुये आयुक्त धर्मपाल जाट को पुन: एपीओ कर दिया। इस सम्बंध में डीएलबी निदेशक जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर ने एपीओ आदेश जारी करते हुये बहरोड़ नगर परिषद आयुक्त नूर मौहम्मद को कार्यवाहक आयुक्त के तौर पर चार्ज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि नगर परिषद में चल रहे गेंद कभी इसके, कभी उसके पाले में वाले खेल के कारण जहां विगत तीन माह से नगर परिषद क्षेत्र में साफ-सफाई समेत अन्य दैनिक कार्य व आम जनता के कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। वहीं राज्य सरकार से लेकर जिला प्रशासन की छवि भी धूमिल हो रही हैं।

### क्या है पुरा मामला

उल्लेखनीय है कि विगत 20 मई को स्वायत शासन निदेशालय (डीएलबी) ने तत्कालीन जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की प्रशासनिक रिपोर्ट पर विभिन्न अनियमितताओं का हवाला देते हुये आयुक्त जाट को मुख्यालय में उपस्थिति देने का आदेश देते हुये एपीओ कर दिया था। इसको लेकर आयुक्त धर्मपाल जाट द्वारा डीएलबी के आदेश के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर पीठ के समक्ष अपील प्रस्तुत की गई थी। आयुक्त जाट की अपील प्रस्तुतीकरण के बाद, संयोग से तत्कालीन जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल के स्थानान्तरण के दुसरे ही दिन सुनवाई करते हुये विगत 23 जून को अधिकरण के अध्यक्ष विकास सीतारामजी भाले व सदस्य लेखराज तोसावड़ा की डबल बैंच ने आयुक्त जाट की अपील को स्वीकार कर डीएलबी के आदेश पर





राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग, राज0 जयपुर
(जी-3, राजमहल रेजीडेन्सी ऐरिया, सिविल लाईन फाटक, 22 गोदाम, जयपुर)
क्रमांक :प.1(क)(02)कार्मिक/आर.एम.एस./डी.एल.बी./25/11164 दिनांक 22/08/25

आदेश

प्रशासनिक कारणों से श्री धर्मपाल जाट, आयुक्त, नगर परिषद, कोटपूतली का मुख्यालय तुरन्त प्रभाव से आदेशों की प्रतीक्षा में, निदेशालय किया जाता है। श्री धर्मपाल जाट, आयुक्त को निर्देशित किया जाता है कि वे अविलम्ब अपनी उपस्थिति निदेशालय में प्रस्तुत करें।

साथ ही श्री नूर मोहम्मद, आयुक्त, नगर परिषद, बहरोड़ को अपने पद के कार्य के साथ-साथ आयुक्त, नगर परिषद, कोटपूतली के पद का अतिरिक्त कार्य करने हेतु अग्रिम आदेशों तक अधिकृत किया जाता है।

(जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर)
निदेशक

क्रमांक :प.1(क)(02)कार्मिक/आर.एम.एस./डी.एल.बी./25/11165-11174 दिनांक 22/8/25
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :-
1. विशिष्ठ सहायक, मा0 मंत्री महोदय, स्वायत्त शासन विभाग, राज0 जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राज0 जयपुर।
3. जिला कलक्टर, कोटपूतली-बहरोड़।
4. उप निदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, जयपुर।
5. सभापति/आयुक्त, नगर परिषद, कोटपूतली/बहरोड़।
6. श्री धर्मपाल जाट, आयुक्त, नगर परिषद, कोटपूतली को पालनार्थ।
7. श्री नूर मोहम्मद, आयुक्त, नगर परिषद, बहरोड़ को पालनार्थ।
8. सुरक्षित पत्रावली।

निदेशक

स्थगन आदेश जारी करते हुये आयुक्त जाट को वहीं कार्यरत रखे जाने के आदेश दिये थे, जहां वे पूर्व में कार्यरत थे। जिसके बाद विगत 26 जून को आयुक्त जाट ने एक बार पुन: कोटपूतली नगर परिषद में अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया था। अधिकरण ने अपने विस्तृत आदेश में डीएलबी द्वारा 20 मई को जारी किये गये आदेश पर रोक लगाई थी। लेकिन दो सप्ताह बाद नियमित स्थानान्तरण की छुट भी दी थी। लेकिन डीएलबी ने नियमित स्थानान्तरण के स्थान पर एक बार पुन: आयुक्त जाट को एपीओ ही कर दिया। अब देखना यह है कि आगे यह रस्साकशी वाला खेल क्या मोड लेता है।

## सम्पादकीय

# निचले स्तर पर राजनीतिक व्यवहार, राहुल गांधी के झूठे दावे बेनकाब

मा देश की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस इन दिनों अपने शीर्ष नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था पर झूठे आरोप लगा रही है। वे उसके अधिकारियों के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर रहे हैं और निचले व्यवहार पर उतरकर उनके परिवार तक को निशाना बना रहे हैं। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था में शर्मनाक है।

राहुल गांधी और उनकी पूरी पार्टी चुनाव आयोग तथा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को चोर कहते हुए निशाना बना रही है। बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान राहुल गांधी कह रहे हैं कि तीनों चुनाव आयुक्त सुन लें... एक दिन आएगा, जब बिहार और दिल्ली में हमारी सरकार होगी। फिर हम आप तीनों को देखेंगे, आपके खिलाफ कार्रवाई होगी। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के सोशल मीडिया हैंडल देख आप सन्न रह जाएंगे। राजनीति इतने नीचे स्तर पर गिर जाएगी, इसकी कल्पना किसी ने नहीं की होगी। नेता विपक्ष राहुल गांधी की राजनीति देश में डरावने दृश्य प्रस्तुत कर रही है। राहुल गांधी और कांग्रेस का यह व्यवहार पहली बार नहीं है। पिछले लगभग सात वर्षों से राहुल गांधी की राजनीति का एक स्थापित पैटर्न बन गया है।

राहुल गांधी पहले भी कई संस्थाओं को धमकी दे चुके हैं। वे प्रधानमंत्री का नाम लेकर सार्वजनिक रूप से ऐसा कह चुके हैं कि मोदी अब सड़कों पर निकलेगा तो लोग डंडों से पीटेंगे? उनके नेतृत्व में अब कांग्रेस ऐसी राजनीति कर रही है जिसमें मर्यादा, पद की गरिमा, भाषा की शालीनता, व्यवहार का संतुलन तथा सच और झूठ के भेद के लिए कोई स्थान नहीं है। जैसे ही राहुल गांधी किसी को निशाना बनाते हैं, उनकी पूरी पार्टी उस व्यक्ति, अधिकारी या उनके खानदान को ढूंढ़ कर चरित्र हनन और बदनाम करने का अभियान चलने लगती है। डिजिटल मीडिया कई बार बहुत विषाक्त हो जाता है। इसकी अनदेखी न की जाए कि आपरेशन सिंदूर के दौरान विदेश सचिव विक्रम मिसरी को डिजिटल मीडिया पर किस तरह निशाना बनाया गया।

निम्न राजनीति पहले सामने वाले के विरुद्ध संदेह पैदा करने के लिए कथित तथ्य गढ़ती है, फिर नारे एवं मुहावरे बनाती है। अब वह संस्थाओं को भी निशाना बना रही है। इन दिनों संवैधानिक संस्था निर्वाचन आयोग इस राजनीति के निशाने पर है। आज पूरे देश के सामने प्रश्न है कि इस तरह के राजनीतिक व्यवहार का प्रतिकार कैसे हो? राहुल गांधी मुख्य चुनाव आयुक्त सहित पूरे चुनाव आयोग को वोट चोर कह रहे हैं, लेकिन अपने आरोपों के पक्ष में कोई ठोस तथ्य नहीं दे रहे हैं। अब तो वे सार्वजनिक रूप से गलत साबित हो रहे हैं। गत दिनों बिहार में उनकी वोट अधिकार यात्रा के दौरान रोहतास जिले के नौहट्टा प्रखंड के एक गांव की रंजू देवी उनके सामने यह कहती देखी गईं कि उनका और परिवार के सभी छह लोगों का नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया है। राहुल ने इसे वोट चोरी का मुद्दा बना दिया। बाद में उन्हीं रंजू देवी ने कहा कि मतदाता सूची में उनके परिवार के सभी लोगों के नाम हैं। उनके अनुसार वार्ड सचिव ने कहा था कि राहुल आ रहे हैं, उनके सामने बता देना कि हमारा नाम मतदाता सूची से कट गया है। उन्होंने माना कि वार्ड सचिव ने जैसा कहा, वैसा राहुल के सामने बोल दिया। यह एक प्रसंग राहुल और वोट चोरी के आरोप लगाने वालों के लिए शर्म का विषय होना चाहिए। राहुल के महाराष्ट्र चुनाव संबंधी आरोप भी गलत साबित हो चुके हैं। बंबई उच्च न्यायालय संबंधित याचिका खारिज कर चुका है। महाराष्ट्र के रामटेक और देवली विधानसभा में लोकसभा चुनाव की तुलना में विधानसभा में क्रमशः 38.45 प्रतिशत तथा 36.82 प्रतिशत मतदाताओं की कमी का आंकड़ा भी गलत साबित हो गया। इसे सामने लाने वाले सीएसडीएस के चुनाव विश्लेषक ने न केवल संबंधित पोस्ट को हटाया, बल्कि गलत उत्तर देने के लिए माफी भी मांगी।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 24 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- गुटेनबर्ग बाइबिल की छपाई का कार्य 1456 में पूरा किया गया।
- ईस्ट इंडिया कम्पनी का पहला जहाज 'हेक्टर' 1600 में सूरत के तट पर पहुंचा।
- जॉब चारनॉक 1690 को कलकत्ता में आकर बसे।
- ब्रिटिश कर्मियों ने 1814 में आज ही के दिन व?हाइट हाउस को आग के हवाले कर दिया था।
- थॉमस एडिसन ने 1891 में काइनेटोग्राफिक कैमरा और कइनेटोस्कोप के लिए पेटेंट आवेदन दाखिल कराया। यही तकनीक आगे चलकर चलचित्र में तब्दील हुई।
- प्रथम विश्व युद्ध : जर्मन सेना ने 1914 में नैमूर पर कब्जा किया।
- 1954 में आज ही के दिन गहराते हुए राजनीतिक समीकरणों के बीच इस्तीफ़ा देने के बाद ब्राज़ील के राष्ट्रपति गेटुलियो वर्गास ने आत्महत्या कर ली थी।
- वी वी गिरि 1969 में भारत के चौथे राष्ट्रपति बने।
- फखरूद्दीन अली अहमद 1974 में भारत के पांचवे राष्ट्रपति बने।
- यूक्रेन 1991 में सोवियत संघ से अलग होकर स्वतंत्र देश बना।
- आज ही के दिन पॉप स्टार माइकल जैक्सन के खिलाफ़ लॉस एंजेल्स पुलिस ने 1993 में यौन शोषण के आरोपों की जांच शुरू की थी।
- उत्तरी अमेरिका में माइक्रोसॉफ्ट विन्डोज 95 की आम जनता के लिए 1995 में शुरूआत की।
- पाकिस्तान ने 1999 में कारगिल ऑपरेशन के दौरान भारत द्वारा पकड़े गये 8 युद्धबंदियों को युद्धबंदी मानने से इंकार किया।
- बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति मुहम्मद इरशाद को 2000 में 5 वर्ष की सज़ा।
- संयुक्त राज्य अमेरिका के उप-विदेशमंत्री रिचर्ड आर्मिटेज ने 2002 में भारत-पाकिस्तान से बातचीत शुरू करने का अनुरोध किया।
- फ़िलिस्तीनियों को 2004 में अहिंसा का पाठ पढ़ाने अरुण गांधी रामल्ला पहुँचे।
- अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ ने 2006 में प्लूटो (यम) का ग्रह का दर्जा समाप्त किया।
- बीजिंग में 2008 को 29वें ओलंपिक का समापन हुआ।
- पेइचिंग ओलंपिक का समापन 2008 हुआ।
- वेनेजुएला की स्टेफेनिया फर्नांडिज 'मिस यूनीवर्स-2009' में चुनी गईं।
- मूडीज़ ने 2011 में जापान की ऋण साख एए3 से घटाकर एए2 कर दी।
- चीन के वैज्ञानिकों ने 2011 में ब्रह्मपुत्र और सिंधु नदी के उद्गम स्थल का पता लगा लिया है।
- गुजराती भाषा के युग प्रवर्तक माने जाने वाले रचनाकार नर्मद का जन्म 1833 को हुआ था।
- दीक्षित हिन्दू संप्रदाय 'राधा स्वामी सत्संग' के संस्थापक शिव दयाल साहब का जन्म 1818 को हुआ था।
- लोकमान्य बालगंगाधर तिलक के सहयोगी पत्रकार और मराठी साहित्यकार नरसिंह चिन्तामन केलकर का जन्म 1872 को हुआ था।
- भारत के प्रसिद्ध राष्ट्रीय नेता बाल गंगाधर खेर का जन्म 1888 को हुआ था।

## विशेष आलेख

# पहले झूठ परोसो फिर माफी मांग लो 'सीएसडीएस' की विश्वसनीयता पर संदेह



रामस्वरूप रावतसरे

दे श में 'वोट चोरी' के नाम पर राजनीतिक बवंडर खड़ा करने वाले सीएसडीएस (सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज) के संजय कुमार और कॉन्ग्रेस के राहुल गाँधी समेत कई लोगों के खिलाफ दिल्ली में शिकायत की गई है। फर्जी आँकड़ों के आधार पर ये खेल शुरू करने वाले संजय कुमार अब निशाने पर आ चुके हैं।

इस बीच, सीएसडीएस को सबसे ज्यादा फंडिंग देने वाली सरकारी संस्थान- भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) ने सीएसडीएस पर सवाल उठाए हैं और शो कॉज नोटिस जारी किया है। आईसीएसएसआर ने सीएसडीएस पर फर्जी डेटा पेश करने और चुनाव आयोग की गरिमा को ठेस पहुँचाने का भी आरोप लगाया है। वहीं, सीएसडीएस की विदेशी फंडिंग खासकर जर्मनी की कोनराड एडेनॉयर फाउंडेशन से मिलने वाले करोड़ों रुपए अब जाँच के घेरे में हैं। जानकारी के अनुसार यह विवाद 17 अगस्त 2025 को तब शुरू हुआ जब सीएसडीएस के संजय कुमार ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र के कुछ विधानसभा क्षेत्रों में वोटर लिस्ट में भारी गड़बड़ी हुई है। उदाहरण के लिए, उन्होंने कहा कि नासिक वेस्ट का वोटर संख्या लोकसभा चुनाव से विधानसभा चुनाव तक 47.38 प्रतिशत बढ़ गई, जबकि हिंगणा में 42.08 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। साथ ही, रामटेक और देवलाली में वोटर संख्या में 40 प्रतिशत की कमी आई। लेकिन 19 अगस्त को संजय कुमार को कथित तौर पर अपनी गलती का अहसास हुआ। उन्होंने अपनी पोस्ट को डिलीट कर दिया और माफी माँगी। उनका कहना था कि उनकी टीम ने डेटा की पंक्तियों को गलत पढ़ लिया था। लेकिन तब तक नुकसान हो चुका था और फर्जी आँकड़े सोशल मीडिया और व्हाट्सएप पर फैल चुके थे। असली डेटा देखें तो नासिक वेस्ट में वोटर संख्या में सिर्फ 6 प्रतिशत और हिंगणा में 5.9 प्रतिशत की मामूली बढ़ोतरी हुई, जबकि रामटेक और देवलाली में 3-4 प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई। इस घटना से नाराज होकर 19 अगस्त को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद ने एक बयान जारी किया। शिक्षा मंत्रालय के तहत काम करने वाली आईसीएसएसआर सीएसडीएस को फंडिंग देने वाली मुख्य संस्था है। आईसीएसएसआर के बयान में कहा गया कि सीएसडीएस के एक वरिष्ठ अधिकारी (संजय कुमार) ने गलत डेटा पेश किया, जो बाद में वापस लेना पड़ा। इसके अलावा, सीएसडीएस ने चुनाव आयोग के एसआईआर (सार्वजनिक जानकारी अभ्यास) को गलत तरीके से पेश करके मीडिया स्टोरीज छापीं। आईसीएसएसआर ने कहा कि चुनाव आयोग भारत की सबसे बड़ी लोकतंत्र की रीढ़ है और इसके सम्मान को ठेस पहुँचाना गंभीर अपराध है। उन्होंने सीएसडीएस पर डेटा से छेड़छाड़ और गलत नैरेटिव बनाने का आरोप लगाया, जो उनके अनुदान नियमों का उल्लंघन है। उनका कहना है कि यह घटना संस्थान और चुनाव प्रक्रिया दोनों की गरिमा को ठेस पहुँचाती है।

इसी बीच वकील विनीत जिंदल ने 19 अगस्त 2025 को दिल्ली पुलिस कमिश्नर को एक शिकायत दी। उनकी शिकायत में राहुल गाँधी (विपक्ष के नेता), संजय कुमार (सीएसडीएस) और कई अन्य लोगों पर आरोप लगाए गए। जिंदल का कहना है कि इन लोगों ने फर्जी डेटा फैलाकर जनता में अशांति फैलाई और सरकार के खिलाफ साजिश रची। उन्होंने कहा कि यह डेटा लोकसभा चुनावों को लेकर गलत था और चुनाव आयोग की साख को नुकसान पहुंचाने की कोशिश थी। जिंदल ने अपनी शिकायत में लिखा कि ये लोग सोशल मीडिया और प्रेस के जरिए झूठी खबरें फैला रहे हैं, जिससे जनता का भरोसा लोकतंत्र पर कमजोर हो रहा है। उन्होंने माँग की कि इस मामले में सख्त कार्रवाई हो और जाँच शुरू की जाए।

अब सवाल उठता है कि सीएसडीएस को फंडिंग कहाँ से मिलती है? आईसीएसएसआर सीएसडीएस का मुख्य फंडर है, जो सरकार के जरिए चलता है। लेकिन इसके अलावा सीएसडीएस को विदेशी फंडिंग भी मिलती है, जिस पर कई सवाल उठ रहे हैं। सीएसडीएस की वेबसाइट और विदेशी योगदान की रिपोर्ट्स के मुताबिक, कई देशों और संगठनों से पैसा आता है। इनमें फोर्ड फाउंडेशन, गेट्स फाउंडेशन (अमेरिका), आईडीआरसी -कनाडा, डीएफआईडी (यूके), नॉराड (नॉर्वे), ह्यूलेट फाउंडेशन और जर्मनी की केएएस जैसी एजेंसियाँ शामिल बताई जा रही हैं। इसके अलावा स्वीडन, फिनलैंड, डेनमार्क, ऑस्ट्रेलिया और ताइवान की कुछ एनजीओ से भी डोनेशन मिलते हैं।

इसके अलावा अतीत में जाकर देखें तो साल 2016 से अगले कई सालों तक कनाडा की संस्था की तरफ से हर साल करोड़ों की धनराशि लगातार मिलती रही। भारत सरकार ने एनजीओ की आड़ में विदेशी धन के प्रवाह को रोकने के लिए जब कदम उठाए, तो इसका असर सीएसडीएस की फंडिंग पर भी पड़ा। साल 2016 और 2025 के आँकड़ों में जमीन-आसमान का अंतर आ चुका है।

सीएसडीएस को जो विदेशी फंडिंग होती है उसको लेकर आरोप है कि यह पैसा हिंदू समाज को जाति के आधार पर बाँटने और गलत नैरेटिव बनाने में इस्तेमाल हो रहा है। उदाहरण के लिए सीएसडीएस के लोकनीति प्रोग्राम में हिंदुओं को ओबीसी, ईबीसी, दलित और सवर्ण में बांटकर वोटिंग पैटर्न की रिपोर्ट छापी जाती है, जो अखबारों में सुर्खियाँ बनती हैं। लेकिन मुसलमानों की अंदरूनी जातीय दरारों पर चुप्पी साध ली जाती है। कई लोग इसे साजिश मानते हैं और कहते हैं कि सीएसडीएस का मकसद हिंदू समाज को तोड़कर कॉन्ग्रेस जैसे दलों को फायदा पहुँचाना है। जानकारों के अनुसार आईसीएसएसआर ने साफ कर दिया है कि सीएसडीएस का यह व्यवहार उनके नियमों का उल्लंघन है। शो कॉज नोटिस के बाद अगर सीएसडीएस संतोषजनक जवाब नहीं दे पाता, तो फंडिंग रोकने की नौबत आ सकती है। यह कदम न सिर्फ सीएसडीएस के लिए बड़ा झटका होगा, बल्कि इस बात की भी जाँच शुरू हो सकती है कि विदेशी फंडिंग का इस्तेमाल कहाँ हो रहा है। अगर साबित हो जाता है कि विदेशी पैसा किसी खास राजनीतिक एजेंडे के लिए इस्तेमाल हुआ तो कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है। जानकारों की माने तो सीएसडीएस को आईसीएसएसआर के शो कॉज नोटिस और विनीत जिंदल की एफआईआर से साफ है कि यह मामला यहीं खत्म नहीं होगा। चुनाव आयोग की साख बचाने और फर्जी डेटा से नुकसान को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जा सकते हैं।

# झूठे मुकदमों का कारोबार और वकीलों की जवाबदेही...



डॉ. प्रियंका सौरभ

**जब न्याय के प्रहरी ही अपराधी बन जाएँ, तो कानून की आस्था कैसे बचे?**

**झूठे मुकदमे केवल निर्दोषों को पीड़ा नहीं देते, बल्कि न्याय तंत्र की नींव को भी हिला देते हैं। जब वकील ही इस व्यापार में शामिल होते हैं तो वकालत की गरिमा और न्यायपालिका की विश्वसनीयता दोनों पर गहरा आघात होता है। ऐसे वकीलों पर आपराधिक मुकदमे चलना अनिवार्य है ताकि कानून का दुरुपयोग रोका जा सके। न्याय केवल किताबों में दर्ज प्रावधान नहीं है, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था है। यह आस्था तभी बची रहेगी जब न्याय के प्रहरी - वकील और अदालत - स्वयं अपने आचरण से पारदर्शिता और ईमानदारी का उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।**

भारतीय न्याय व्यवस्था की नींव सत्य और न्याय पर आधारित है। न्यायालय को हमेशा से समाज का सबसे बड़ा सहारा माना जाता रहा है। जब अन्याय पीड़ित व्यक्ति हर दरवाज़े पर ठोकर खाकर थक जाता है, तब उसे अदालत से ही उम्मीद रहती है। लेकिन यह उम्मीद तब कमजोर पड़ जाती है जब न्याय का सहारा बनने वाले लोग ही उसे अपने स्वार्थ और लालच का साधन बना लेते हैं।

हाल ही में लखनऊ की अदालत ने एक वकील परमानंद गुप्ता को 29 झूठे मुकदमे दर्ज कराने के अपराध में उम्रकैद और पाँच लाख रुपये के जुर्माने की सज़ा सुनाई। यह फैसला एक उदाहरण है कि न्यायपालिका कानून का दुरुपयोग करने वालों को बख्शेगी नहीं। यह केवल एक व्यक्ति की सजा नहीं है, बल्कि पूरे समाज और न्यायिक व्यवस्था के लिए चेतावनी है कि कानून का मज़ाक उड़ाने वालों की कोई जगह नहीं।

वकील पेशे को समाज में हमेशा सम्मानित दृष्टि से देखा जाता है। वकील को केवल मुवक्किल का प्रतिनिधि नहीं, बल्कि न्यायालय का अधिकारी भी माना जाता है। उससे अपेक्षा की जाती है कि वह सत्य और न्याय के लिए संघर्ष करेगा। लेकिन जब वही वकील झूठे मुकदमों का निर्माण करने लगे, निर्दोषों को फँसाने लगे, और अपने पेशे का इस्तेमाल व्यक्तिगत दुश्मनी या आर्थिक लाभ के लिए करने लगे, तो यह न केवल उसकी आचार संहिता का उल्लंघन है बल्कि पूरे पेशे की गरिमा पर भी प्रश्नचिह्न है। एक वकील जो अदालत में सत्य का पक्षधर होना चाहिए, अगर असत्य का सबसे बड़ा हथियार बन जाए तो समाज में न्याय की कोई गारंटी नहीं रह जाती।

झूठे मुकदमों का असर केवल आरोपित व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता। यह उसके परिवार, उसकी सामाजिक स्थिति और उसकी आर्थिक स्थिति तक को झकझोर देता है। वर्षों तक अदालतों के चक्कर लगाने पड़ते हैं, बेगुनाही साबित करने के लिए सबूत जुटाने पड़ते हैं और मानसिक यातना अलग से झेलनी पड़ती है। समाज भी ऐसे व्यक्ति को संदेह की दृष्टि से देखने लगता है। इससे उसका आत्मविश्वास टूट जाता है और धीरे-धीरे कानून और अदालत पर से विश्वास उठने लगता है। यही सबसे बड़ा नुकसान है, क्योंकि न्याय पर से भरोसा खत्म होना किसी भी समाज के लिए सबसे खतरनाक स्थिति है। झूठे मुकदमों की समस्या यह भी है कि यह असली पीड़ितों के मामलों को कमजोर करती है। जब कोई कानून, जैसे एससी-एसटी एक्ट, जिसका उद्देश्य कमजोर वर्गों की सुरक्षा करना है, झूठे मुकदमों में इस्तेमाल किया जाता है तो वास्तविक पीड़ितों की आवाज़ दब जाती है। अदालतों को यह तय करने में अधिक समय लग जाता है कि कौन-सा मामला सच है और कौन-सा झूठा। नतीजा यह होता है कि असली पीड़ितों को न्याय मिलने में देर होती है और उनका दर्द बढ़ जाता है। इसलिए आज आवश्यकता है कि झूठे मुकदमे गढ़ने वाले और उन्हें अदालत में आगे बढ़ाने वाले वकीलों पर कठोरतम कार्रवाई हो। यदि कोई डॉक्टर लापरवाही करता है, तो उस पर केस चलता है।

बढ़ता राजस्थान

# आधार भी स्वीकार, सुप्रीम कोर्ट के आदेश से विपक्ष की बोलती बंद

सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अर्थात एसआइआर पर चुनाव आयोग को यह आदेश देकर बिहार के लोगों को राहत देने के साथ विपक्ष की बोलती बंद करने का भी काम किया कि वह वोटर लिस्ट में नाम शामिल करने के लिए 11 दस्तावेजों के साथ आधार को भी स्वीकार करे। चुनाव आयोग ने इसके लिए जिन 11 दस्तावेजों की सूची जारी की थी, उनमें आधार नहीं था। एक सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से आधार को मान्य करने को कहा था, लेकिन आयोग का तर्क था कि उसे फर्जी तरीके से बनवाया जा सकता है, इसलिए उसका उपयोग नहीं कर सकते। हालांकि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी की थी कि आधार नागरिकता का प्रमाण नहीं, लेकिन गत दिवस उसने बिहार के लोगों को आधार के जरिये भी मतदाता सूची के सत्यापन की प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर दे दिया।

इसके साथ ही आनलाइन आवेदन का भी विकल्प दे दिया। अब जब सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश को विपक्ष अपनी जीत बता रहा है, तब फिर उसे वोट चोरी का शोर मचाना बंद कर देना चाहिए। इसलिए और भी, क्योंकि वोट चोरी के आरोप की आड़ में संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा से खेला जा रहा है। चिंताजनक यह है कि यह काम नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी कर रहे हैं। उन्होंने न केवल चुनाव आयोग के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं, बल्कि उसके अधिकारियों को धमकाया भी। हद तो तब हो गई, जब आगरा में मुख्य चुनाव आयुक्त के पैतृक आवास के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। किसी भी संवैधानिक संस्था के खिलाफ ऐसी छिछली राजनीति शर्मनाक है।

## Today

बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | | 8 | | | | | 5 |
| 2 | | | | | | 6 | 8 | |
| | 8 | | | | 1 | | | |
| | | | | 4 | | 7 | | |
| | | | 5 | | 6 | | | |
| | | 6 | | 7 | | | | |
| | | | 1 | | | | 7 | |
| | 4 | 2 | | | | | | 9 |
| 9 | | | | | 7 | | 2 | 3 |

### Yesturday Ans

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 7 | 8 | 6 | 2 | 1 | 3 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 6 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 9 | 4 | 2 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 3 | 7 | 6 | 1 |
| 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 | 2 | 9 | 8 |
| 1 | 2 | 6 | 9 | 7 | 8 | 3 | 5 | 4 |
| 5 | 3 | 8 | 1 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 |
| 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 9 | 6 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 2 | 3 |

**कैसे खेलें**

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

काम का बोझ ज्यादा रहेगा। नए काम की शुरुआत न करें। शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ेगा। मन बेचैन एवं चिंतित रहेगा। वाणी पर संयम रखें। आज आपका दिन शुभ है। व्यापार बढ़ाने को लेकर आपके प्रयास रंग लाएंगे। कमिशन, ब्याज से

**वृष**

महिलाओं के बारे में विशेष ध्यान रखें। वाणी एवं व्यवहार में सावधानी बरतें। विदेश से कोई समाचार मिल सकता है। कानूनी बातों का निर्णय सोच-समझकर करें। आज घर, परिवार एवं व्यापार जैसे तमाम क्षेत्रों में आको लाभ होगा।

**मिथुन**

मानसिक व्यग्रता को दूर करने के लिए आध्यात्मिकता, योग का सहारा लें। महिला और पानी से बचकर रहें। अभ्यास के लिए समय मध्यम है। आज आप को ज्यादा संवेदनशील एवं भावुकता भरे विचार आएंगे।

**कर्क**

मित्रों के साथ आनंददायक प्रवास होगा, तो दांपत्यजीवन में भी आप ज्यादा निकटता बना सकेंगे। धनप्राप्ति के लिए भी शुभ समय है। अविवाहितों को जीवनसाथी की तलाश में सफलता मिलेगी।

**सिंह**

दूसरों की ओर से चिंता कम होगी। इस कारण आप का मन खुश रहेगा। परिजनों या दोस्तों के साथ अच्छे भोजन का अवसर मिलेगा। कोई आकस्मिक यात्रा हो सकती है। आर्थिक मामलों से संबंधित व्यवस्था कर सकेंगे।

**कन्या**

आज रिश्तेदार एवं मित्रों के साथ मुलाकात से आप आनंद का अनुभव करेंगे। आपको पहले थोड़ी मुसीबत हो सकती है, आपके जरूरी काम भी शुरुआती विलंब के बाद आसानी से पूरे होने पर शांति का अहसास करेंगे। महिला मित्रों से विशेष लाभ होगा।

**तुला**

आज आपको काफी संवेदनशीलता का अनुभव होगा। इस कारण किसी के द्वारा आपकी भावना को ठेस पहुंच सकती है। आज आपको मां की बीमारी की चिंता होगी। मकान या जमीन के दस्तावेजी काम आज न करें।

**वृश्चिक**

आज आप के लिए नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आप पर अधिकारियों की कृपा दृष्टि रहेगी। परिवार में उत्सव और उल्लास का माहौल बना रहेगा। मन में भावनात्मकता बढ़ेगी। मां की ओर से फायदा होगा।

**धनु**

प्रवास, सुंदर भोजन एवं प्रियजन के साथ से आप रोमांचित रहेंगे। पत्नी के संग से मन प्रसन्न रहेगा। आज आपको कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों के लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। आज मन भावनाओं से व्यथित रहेगा।

**मकर**

अनुकूल वातावरण रहेगा और साथियों का सहयोग मिलेगा। आज आप प्यार एवं भावना के प्रवाह में रहेंगे। दोस्त, स्वजनों और रिश्तेदारों की ओर से कोई उपहार मिल सकता है। आप उनके साथ अपना दिन खुशी में गुजार सकेंगे।

**कुंभ**

जमीन-जायदाद के दस्तावेजी काम कर सकेंगे। आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं एवं अनुकूलताओं से भरा होगा। लेखन-साहित्य से जुड़े काम कर सकेंगे। हांलाकि, व्यवसायिक स्थल पर प्रतिकूल परिस्थिति रहेगी। काम समय से

**मीन**

अधिकारियों का रवैया नकारात्मक रहेगा। विरोधियों के साथ वाद-विवाद न करें। संतान से मतभेद हो सकते हैं। यात्रा की संभावना है। धनखर्च होगा। कार्य सफलता में विलंब होने के कारण निराशा का अनुभव होगा।

# मूसलाधार बरसात से जलमग्न हुई बस्तियां व आम रास्ते

## जिला कलेक्टर व एसपी ने जेसीबी में बैठकर लिया हालत का जाएजा

### शाम 5 बजे तक निवाई में 201 एमएम, मांसी बांध पर 155 एमएम बारिश दर्ज







बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( नि.स. )।** जिले में बीती रात से हो रही मूसलाधार बारिश को लेकर जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक राजेशकुमार मीना ने निवाई उपखंड क्षेत्र का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र में जल भराव क्षेत्रों का जायजा। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल व एसपी राजेश कुमार ने मौके पर पहुंचकर गांव बनस्थली में जेसीबी मशीन पर बैठकर जल भराव क्षेत्र का का जायजा लिया। इधर मौके पर एसडीआरएफ टीम लगातार राहत और बचाव के कार्य में जुटी हुई है। वहीं उपखंड अधिकारी रामकरण सिंह, नायब तहसीलदार रामकेश मीणा सहित प्रशासनिक अधिकारी हालात पर नजर बनाए हुए हैं। उपखंड क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्र में तेज मूसलाधार बारिश होने से कई बस्तियां जलमग्न हो गई तो वहीं गांव वनस्थली में बाढ़ के हालात पैदा हो गए। पिछले करीब तीन दिन से लगातार क्षेत्र में हो रही मूसलाधार बारिश से हालात बेकाबू होने को हैं। गांव वनस्थली में मूसलाधार बारिश से निचली बस्तियां जलमग्न हो गई। सूचना पर उपखंड अधिकारी रामकरण सिंह, डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा, पंचायत समिति विकास अधिकारी राजेश्वरी यादव व नायब तहसीलदार रामकेश मीणा सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। एसडीम ने घटना की सूचना जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को दी। सूचना पर जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक राजेशकुमार मीणा एसडीआर की टीम के साथ गांव वनस्थली पहुंचे। जिला कलेक्टर अग्रवाल व एसपी राजेश कुमार मीणा ने जेसीबी में सवार होकर हालात का जायजा लिया। गांव वनस्थली में वाल्मीकि बस्ती, कुम्हारों व गूर्जरों का मोहल्ला सहित अन्य निचली बस्तियों में करीब 6-6 फीट पानी भर गया जिससे घरों में पानी घुस गया। प्रशासन ने ग्रामीणों व एसडीआरएफ की टीम के सहयोग

### जलमग्न बस्तियों से लोगों को किया रेस्क्यू

से जेसीबी व ट्रैक्टरों में बिठाकर लोगों को रेस्क्यू करके सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया और उनके खाने-पीने और रहने की व्यवस्था की। जिला कलेक्टर अग्रवाल ने तत्काल पंचायत शासन को पानी की निकासी करवाने के निर्देश दिए। इधर वनस्थली विद्यापीठ जाने वाले मार्ग पर विद्यापीठ के मुख्य द्वार पर घुटनों तक पानी भर गया जिससे परेशानी उठानी पड़ी। जल संसाधन विभाग के सूत्रों के अनुसार सुबह 8 बजे तक शहर में 162 एम, व मासी बांध क्षेत्र में 130 एमएम बारिश दर्ज की गई है। लगातार हो रही बारिश से गांव पलेई के तालाब में पानी ओवर फ्लो हो गया जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है। सूचना मिलते ही एसडीएम रामकरण सिंह व तहसीलदार नरेश कुमार गुर्जर गांव पलेई पहुंचे और तालाब का जायजा लेते हुए पंचायत प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## सिरस क्षेत्र में भारी बरसात, खेत व तालाब हुए लबालब

### नालों में उफान आने से रास्ते हुए अवरुद्ध

### रपटे पर पुलिया का निर्माण करवाने की मांग की

बढ़ता राजस्थान

**निवाई/सिरस ( नि.स. )।** सिरस क्षेत्र में शनिवार को सुबह 4 बजे से शुरू हुआ बरसात का दौरा रुक रुक कर शाम तक जारी रहा। जिससे खेत व तालाब हुए लबालब भर गए एवं नालों में उफान आने से रास्ते अवरुद्ध हो गए। तेज बरसात से गांव श्योसिंहपुरा व खलीलाबाद के पास बना बड़ा एनिकट टूटने से किसानों के खेतों में पानी भर गया। जिससे किसानों की फसले भी चौपट हो गई । एनीकट टूटने के बाद खाल का सारा पानी खेतों में होकर बह रहा है पानी के तेज बहाव से खेतों की जमीन कटकर बह गई है। जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। तेज बरसात से खाल व नालों में उफान आने से रेलवे स्टेशन से सिरस जाने वाली सडक़ मार्ग पर बने रपटे से करीब तीन फीट पानी बहने से सिरस का आवागमन बंद हो गया। सिरस कस्बे का रास्ता अवरुद्ध होने से रोडवेज बसों का संचालन भी बंद रहा। जीएसएस के पूर्व अध्यक्ष श्यामलाल योगी, शिवचरण योगी, कमलेश योगी, देवेंद्र चौधरी व राजाराम जाट सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि रपटे से निकलते समय पहले भी एक बार कार बहने से दो जनों की मृत्यु हो गई थी। जिसको लेकर ग्रामीणों व राहगीरों ने रपटे पर पुलिया बनवाने की मांग की थी। प्रशासन को बार-बार अवगत करवाने के बाद भी पुलिया नहीं बनने से बरसात में रपटे से निकलते समय वाहन चालकों को खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने विधायक रामसहाय वर्मा को ज्ञापन भेज कर उक्त रपटे पर पुलिया बनवाने की मांग की है।

## जिला कलेक्टर एवं एसपी ने भारी बारिश से बने हालातों का लिया जायजा, राहत एवं बचाव कार्यों की मॉनिटरिंग






बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** जिले में बीते 24 घंटे से रुक- रुक कर हो रही भारी बारिश के बीच शनिवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना ने उपखंड टोंक, निवाई और उनियारा का दौरा कर जल भराव क्षेत्रों में चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया। साथ ही ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को जलमग्न क्षेत्र में फंसे लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर एवं एसपी ने निवाई उपखंड के ग्राम वनस्थली में भारी बारिश के कारण जलमग्न हुए घरों एवं आम रास्तों का जेसीबी में बैठकर जायजा लिया। उन्होंने उपखंड अधिकारी रामकरण सिंह को एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस की टीम की मदद से लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के निर्देश दिए। साथ ही उनके लिए चाय, बच्चों के लिए दूध,पीने के पानी और भोजन की व्यवस्था कर राहत पहुंचाने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान लोगों ने जिला कलेक्टर से उनके घरों के सामान खराब होने के बारे में बताया। जिला कलेक्टर ने कहा कि एसडीआरएफ नॉर्म्स के अनुसार उनकी हर संभव आर्थिक मदद की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस उपाधीक्षक मृत्युंजय मिश्रा को पानी में फंसे लोगों के बचाव कार्य की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इससे पूर्व जिला कलेक्टर एवं एसपी ने टोंक शहर की बृज विहार कॉलोनी में बारिश से बने हालातों को देखा तथा उपखंड अधिकारी टोंक हुक्मीचंद रोहलानिया को जल भराव इलाकों में पानी निकासी कराने के निर्देश दिए।

### उनियारा में जलमग्न क्षेत्रों से लोगों को रेस्क्यू कर पहुंचा सुरक्षित स्थान

जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना ने उपखंड उनियारा पहुंचकर ग्राम डाबला, सहादत नगर में चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन की स्वयं मॉनिटरिंग की। उपखंड प्रशासन ने एसडीआरएफ टीम की मदद से जलमग्न क्षेत्र में फंसे लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। ग्राम डाबला से 14, सहादत नगर से 3 और गलवा बांध के कैचमेंट एरिया के आसपास के गांवों एवं ढाणियों से 22 लोगों को रेस्क्यू किया । इस दौरान सीईओ परशुराम धानका, एएसपी बृजेंद्र सिंह भाटी,उपखंड अधिकारी शत्रुघ्न सिंह गुर्जर, तहसीलदार प्रवीण सैनी समेत अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं की अनूठी मानवीय पहल,नया गांव की दो प्रसव पीड़ा झेल रही महिलाओं को पहुंचाया अस्पताल

बढ़ता राजस्थान



**टोंक ( का.स. )।** जिले में दो दिन से हो रही तेज बारिश से टोंक विधानसभा क्षेत्र के नया गांव से टोंक के बीच पानी के कारण आवागमन बंद होने के बावजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन की मदद से प्रसव पीड़ा से ग्रस्त दो महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने की अनूठी मानवीय पहल की है। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने जिला प्रशासन के सहयोग से शनिवार को नया गांव निवासी दो प्रसव पीड़ा झेल रही महिलाओं को जिला प्रशासन के सहयोग से विपरीत परिस्थितियों में रेस्क्यू करके अस्पताल पहुंचाया।जिस दौरान भाजपा के चौथमल चौधरी मंडल महामंत्री, गोवर्धन योगी,श्योजी राम चौधरी उपस्थित थे।

## भारी बारिश के कारण तीरंदाजी प्रतियोगिता स्थगित

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( नि.स. )।** जिला तीरंदाजी एसोसियेशन के तत्वावधान में पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जिला जूनियर एवं सब जूनियर तीरंदाजी एथलेटिक्स प्रतियोगिता भारी बारिश के कारण स्थगित कर दी गई है।

जिला तीरंदाजी संघ आयोजन सचिव संजय शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन 24 अगस्त को होना प्रस्तावित था। लेकिन क्षेत्र में जारी भारी बारिश के कारण यह प्रतियोगिता आगामी आदेशों तक स्थगित कर दी गई है।

## देवधाम जोधपुरिया में भगवान देवनारायण का तीन दिवसीय लक्खी मेला 27 से

### मेले की तैयारियों में जुटे ट्रस्ट के पदाधिकारी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( नि.स. )।** श्री देवधाम जोधपुरिया में तीन दिवसीय लक्खी मेले का 27 अगस्त से शुभारंभ होगा। मेले के आयोजन को लेकर उपखंड अधिकारी रामकरण सिंह ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायाजा लिया। उन्होंने बताया कि लगातार हो रही बारिश से देवधाम जोधपुरिया मार्ग बंद है। उन्होंने बताया कि बारिश के ठहरते ही सडक़ मार्गों की शीघ्र की मरम्मत करवा कर रास्तों को सुचारू करवाया जाएगा। इधर देवधाम जोधपुरिया धाम पर मंदिर ट्रस्ट मेले के आयोजन की तैयारी में जुटा हुआ है। ट्रस्ट के अध्यक्ष फूलचंद लांगडी ने बताया कि देवधाम जोधपुरिया में भगवान श्री देवनारायण जी के लीलाधर घोड़े के 1114 वें अवतरण दिवस पर मेला आयोजित किया जाएगा। महोत्सव का शुभारंभ लेकर 27 अगस्त को सुबह 8 बजे कलश यात्रा व 10 बजे विधिवत ध्वज पूजन करके किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुबह 11 बजे प्रतिभा सम्मान समारोह व शाम को 8 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इसी प्रकार 28 अगस्त को सुबह अतिथि सम्मान समारोह, शाम 4 बजे यात्रा ध्वज पूजन, शाम 5 बजे भामाशाह सम्मान समारोह, रात्रि 9 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रात्रि 11 बजे भोपा द्वारा कमल के फूल पर भगवान देव दर्शन करवाए जाएंगे। इसी प्रकार 29 अगस्त को सुबह 11 बजे से कई प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।

## महाराजा अग्रसेन जयंती की तैयारियों को लेकर बैठक कल

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( नि.स. )।** अग्रवाल समाज समिति के तत्वावधान में श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर में सोमवार को महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित होगी। समिति के ताराचन्द बोहरा व राकेशकुमार अग्रवाल ने बताया कि महाराजा श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के आयोजन की तैयारियों को लेकर सोमवार को श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर में सोमवार को शाम 7.30 बजे समाज की बैठक आयोजित होगी। बैठक में महाराजा अग्रसेन जयंती को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी जाएगी।

## विश्व बंधुत्व विशाल रक्तदान शिविर आज

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** ब्रह्माकुमारीज़ के राजयोग भवन में 24 अगस्त रविवार को विश्व बंधुत्व विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन आज किया जाएगा। जिसमें टोंक जिले भर से रक्त दानवीर जुड़ेंगे। सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी ने कहा कि विश्व बंधुत्व दिवस पर सवेरे 9 से दोपहर 3 तक होने वाले विशाल रक्तदान शिविर के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है, साथ ही उन्होंने कहा कि रक्त दानवीरों का सम्मान किया जाएगा। इस कार्यक्रम में श्री तेजाजी महाराज जाट छात्रावास टोंक, श्री देवनारायण जी गुर्जर छात्रावास टोंक,मां श्रीयादे जिला शिक्षा समिति टोंक, रेड डोनर्स क्लब, भगत सिंह जीवनदाता टीम, श्री व्यापार संघ जवाहर बाजार टोंक, रोटरी क्लब, भारत विकास परिषद टोंक तथा अनेक सामाजिक संस्थाएं कॉलेज के स्टूडेंट व एनसीसी कैडेट, स्थानीय नागरिक तथा संस्थान से जुड़े लोगों द्वारा रक्तदान किया जाएगा।

## शनि मेले में उमड़े श्रद्धलु,संपूर्ण रात्रि भजन संध्या हुआ आयोजन

### शनि महाराज का सवा किलो तेल से अभिषेक

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( नि.स. )।** शिवाजी पार्क के बाहर स्थित शनिदेव जी के में शनि अमावस्या महोत्सव को लेकर भव्य श्री शनि मेले का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर के पंडित राधेश्याम पुजारी ने बताया कि शनि अमावस्या महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। उन्होंने बताया कि श्री शनि मंदिर में शनि महोत्सव को लेकर संपूर्ण रात्रि भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें प्रसिद्ध गायक कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। उन्होंने बताया कि शनिवार को शनिदेव, हनुमानजी एवं भगवान शिवजी की फूल बंगला झांकी सजाई गई एवं सुबह 6 से शाम 4 बजे तक श्री शनि देव जी की निज मूर्ति का सवा किलो तेल से अभिषेक किया गया। इस दौरान शनि मेले को लेकर कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया।

## निवाई के शांति नगर में बारिश के पानी से मकान गिरने का भय सताने लगा



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( नि.स. )।** निवाई क्षेत्र में लगातार 24 घंटे से हो रही जोरदार बारिश से शहर की शांतिनगर सहित कई कॉलोनियों में पानी भर गया। जिससे लोगो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि शांति नगर, एस बी आई बैंक और ईमानुअल स्कूल के आस पास नगर पालिका पट्टे के मकान बने है। जहां नगर पालिका की ओर से बारिश के पानी की निकासी नहीं होने से खाली (प्लाटो में 5-6 फीट पानी भर गया। शान्ती नगर निवासी विमल कुमार जैन, महावीर प्रसाद जैन, चेतन कुमार, ज्ञानचंद,राहुल, राजमल ने बताया कि बारिश ने पानी की निकासी नहीं होने से खाली प्लाटो में पानी भर गया। जिससे उनके मकानों में पानी का रिसाव होने लगा है। नींव में पानी जाने से मकानों के गिरने का भी खतरा बना हुआ है। विमल कुमार जैन ने बताया कि इस संदर्भ में नगर पालिका व सम्पर्क पोर्टल पर की गई शिकायत को नगर पालिका ने झूठी रिपोर्ट देकर बन्द करवा दिया। नगर पालिका में कोई सुनवाई नहीं हो रही है । ऐसी स्थिति में जिला कलेक्टर कल्यना अग्रवाल से मिलकर समस्या समाधान की गुहार करेंगे।

## आचार्य शांति सागर जी आध्यात्मिक उद्योगपति थे: आचार्य वर्धमान सागर महाराज

बढ़ता राजस्थान



**टोंक ( का.स. )।** प्रथमाचार्य श्री शांति सागर जी महाराज परम तपस्वी रहे जिन्होंने 35 वर्ष के साधु जीवन में 9938 उपवास किए। दिगंबर मन्दिरों जैन धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए 1105 दिनों तक अन्न आहार का त्याग किया। 5 रसों फल का त्याग कर दूध और जल सहित सीमित सामग्री का आहार लिया । उनके जीवन में कथनी और करनी में कार्य करने पर ही यकीन किया। वह दूरदर्शी और ज्ञानी थे। भाषा समिति से वाद विवाद नहीं होता। साधु का भाषा पर नियंत्रण होना चाहिए। आचार्य श्री शांति सागर जी जीवंत समयसार रहे। वह उपदेश में समयसार के पूर्व महाबंध ग्रन्थ स्वाध्याय की प्रेरणा देते थे।वे आध्यात्मिक उद्योग पति थे जिन्होंने जीवन में धर्म, चारित्र, समिति संयम ,तप आदि का उद्यम कर आत्मा को सार्थक किया। हमें भी उनकी आगम परंपरा पालन की शक्ति प्राप्त हो ऐसी भावना प्रगट की।यह मंगल देशना प्रात: कालीन सत्र में वात्सल्य वारिधी पंचम पट्टाधीश आचार्य वर्धमान सागर ने दो दिवसीय विद्वत संगोष्ठी के अवसर पर प्रकट की।राजेश पंचोलिया और अनिल कंटान, सुमित दाखीया एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ.सुनील संचय ललितपुर के अनुसार संगोष्ठी का शुभारंभ मूल नायक श्री आदिनाथ भगवान, आचार्य श्री शांति सागर जी एवं पूर्वाचार्यों के चित्रों समक्ष आमंत्रित विद्वानों फूलचंद प्रेमी वाराणसी, जयकुमार मुजफ्फरनगर, जय कुमार उपाध्याय दिल्ली, नरेंद्र जैन टीकमगढ़ प्रमोद कुमार शास्त्री टोंक ने दीप प्रवज्जलन कर आचार्य श्री के चरण प्रक्षालन कर जिनवाणी भेंट की। आचार्य संघ सानिध्य में डॉ. अनेकांत देहली, डॉ. फूलचंद प्रेमी बनारस, पंडित श्रेयांश कुमार बड़ौत सहित अनेक वक्ताओं ने चयनित विषयों में आचार्य श्री शांति सागर जी का गुणानुवाद किया।समाज के अमित छामुनिया एवं अंशुल बोरदा ने बताया कि प्रात: काल की बेला में कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण कर्ता सुरेंद्र कुमार, अनिल कुमार बाकलीवाल, सुरेंद्र गंगवाल, भरत की बड़जात्या गुवाहाटी एवं मंगल कलश स्थापना किशोर काला गुवाहाटी ने किया। समाज के प्रवक्ता पवन कंटान एवं विकास जागीदार ने बताया कि 25 अगस्त को चारित्र चक्रवर्ती 108 आचार्य शांति सागर जी महाराज के समाधि दिवस पर श्री दिगंबर जैन नसिया में आचार्य शांति सागर जी महाराज का पूजन एवं शांति सागर मंडल विधान का आयोजन किया जाएगा। समाज के कमल सर्राफ एवं धर्मेंद्र पासरोटियां ने बताया कि 28 अगस्त से जैन धर्म के दशलक्षण महापर्व शुरू हो रहे हैं जिसके तहत इंद्र ध्वज महामंडल विधान का कार्यक्रम आयोजितहोगा। जिसमें 458 अकृत्रिम जिन चैत्यालय एवं पांच पंचमेरु जी स्थापित होंगे जिनकी प्रतिदिन पूजा की जाएगी। जो आचार्य वर्धमान सागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में होगा जिसमें लगभग 300 लोग सम्मिलित होंगे जिसकी तैयारियां की जैन नसिया में जोर-जोर से चल रही है।

दैनिक बढ़ता राजस्थान

# डीएसओ की जांच में 750 नहीं बल्कि 11 सौ क्विंटल सड़ा निकला गेहूं

## वैसे 2024 में हो चुकी थी जांच, लेकिन फिर से बनाई गई थी कमेटी

बढ़ता राजस्थान

**बांदीकुई ( नि.स. )।** मीडिया में लगातार किरकरी होने के बाद रसद विभाग द्वारा क्रय विक्रय सहकारी समिति बांदीकुई के गोदामों में सड़ रहे गेहूं और चावलों की सटीक वर्तमान वस्तुस्थिति जानने के लिए भेजी गई कमेटी द्वारा की गई जांच ने किसानों की मेहनत के पसीने पर लापरवाही और उदासीन सिस्टम की मोहर लगा दी। चौकाने वाली बात यह रही कि गोदामों में 750 नहीं बल्कि 1100 क्विंटल गेहूं सड़ा हुआ निकला जो कि इंसानों के लिए तो दूर की बात पशुओं के लिए भी खाने योग्य नहीं था यानी अनसेफ बताया गया। हालांकि गोदामों में से उठ रही दुर्गंध को देख पल्लेदारो ने काम करने से मना कर दिया और सभी पल्लेदार भाग छुटे। दरअसल कमेटी प्रत्येक गेहूं के कट्टे का वजन करना चाह रही थी।

मीडिया में लगातार गेहूं और चावलों के सड़ने की खबर आने के बाद जिला रसद अधिकारी मोहन लाल ने एक टीम का गठन किया था जिसमें सूरज बाई मीना प्रवर्तन अधिकारी दौसा,प्रवर्तन अधिकारी देवेंद्र आसेरी,प्रवर्तन निरीक्षक प्रहलाद मीना,प्रवर्तक निरीक्षक अमित मीना,प्रकाश सैनी खाद्य सुरक्षा अधिकारी, क्रय विक्रय सहकारी समिति बांदीकुई के प्रधान व्यवस्थापक कैलाश सैनी और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संपत राम मीना शामिल थे। टीम ने उसी गेहूं का बारीकी से निरीक्षण किया जिसका 2024 दिसम्बर माह में जांच की जा चुकी थी। उस दरम्यान भी तत्कालीन कमेटी द्वारा गेहूं और चावलों को पूरी तरह अनसेफ बताया था। नई टीम ने हालांकि रिकॉर्ड के आधार पर अवलोकन करते हुए 1100 क्विंटल गेहूं अनसेफ करार दिया है। जिसकी कीमत तकरीबन 27 लाख से ज्यादा की हो सकती है। इस टीम में प्रवर्तन निरीक्षक अमित मीना भी शामिल रहे जो कि 2024 में हुई जांच में थे।

फिलहाल दोषी कर्मचारियों पर कार्यवाही अभी शुरू नहीं हुई है। लेकिन यह तय बताया जा रहा है कि शिक्षा विभाग इस पूरे मामले में घिरता नजर आ रहा है। गनीमत रही नहीं तो 5 हजार क्विंटल पार होता गेहूं - यह तो गनीमत रही कि क्रय विक्रय सहकारी समिति बांदीकुई के मैनेजर कैलाश सैनी ने मार्च 2024 में ज्वाइन करने के बाद दो बार पत्र लिखकर करीब 35 क्विंटल आवंटन रुकवा दिया था। नहीं तो मात्रा बढ़कर 5 हजार क्विंटल को पार का जाती।

### एसडीएम को सौंपेंगे रिपोर्ट -

मीडिया में लगातार खबरों के प्रकाशन के बाद एसडीएम भी एक्शन मोड में आए थे और उन्होंने क्रय विक्रय सहकारी समिति और प्रवर्तन निरीक्षक अमित मीना को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था। समिति के मैनेजर कैलाश सैनी ने बताया कि शुक्रवार को वे एसडीएम को स्पष्टीकरण देंगे।

### चावलों की सैंपलिंग ली, रिपोर्ट का इंतजार

टीम ने कृषि उपज मंडी यार्ड में रखे करीब साढे 500 क्विंटल चावलों की सैंपलिंग ली और उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा। जहां से रिपोर्ट आने का इंतजार है।

## परखो ज्ञान, जीतो पुरस्कार मेरा अधिकार की ओर सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित

**चौमूं ( नि.स. )** । परखो ज्ञान, जीतो पुरस्कार मेरा अधिकार की ओर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोरीजा में केबीसी के तर्ज पर परखो ज्ञान कार्यक्रम मुकेश मीणा व्याख्याता कार्यक्रम प्रभारी के नेतृत्व में सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में करीब 400 छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया । कार्यक्रम के दौरान बच्चे काफी खुश नजर आ रहे थे । एसएस जैन ने हास्य कॉमेडी के माध्यम से हंसा -हंसा कर बच्चों से बड़े रोचक तरीके से राजस्थान, जयपुर, पर्यटन स्थल, ट्रैफिक रूल्स आदि के बारे मे केबीसी के तर्ज पर प्रश्न पूछे और वर्ग पहेलियां पूछी गई। वहीं सही जवाब देने पर समाजसेवी कृष्ण दास बाबू कुकिंग संचालक निधि कैटर्स की ओर से विद्यालय प्रधानाचार्य प्रकाश मानवत ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया ।

## 25 अगस्त से आरजीएचएस की कैशलेस सुविधा निलंबित करेगी टीम राजस्थान एलायंस ऑफ ऑल हॉस्पिटल एसोसिएशन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** टीम राजस्थान एलायंस ऑफ ऑल हॉस्पिटल एसोसिएशन ने निर्णय लिया है कि आगामी सोमवार, 25 अगस्त 2025 की मध्यरात्रि से राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम की कैशलेस सुविधा पूरे प्रदेश में निलंबित कर दी जाएगी।

यह निर्णय सरकार से कई दौर की वार्ताओं के बावजूद भुगतान संबंधी समस्याओं का समाधान न होने पर लिया गया है। इस संबंध में आज, 22 अगस्त 2025 को टीम राजस्थान एलायंस ऑफ मेडिकल एसोसिएशन, अलवर द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (ष्टरूाह्र) को ज्ञापन सौंपा गया।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, अलवर के निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. एस.सी. मित्तल ने बताया कि आरजीएचएस योजना का उद्देश्य सराहनीय है, लेकिन लगातार भुगतान में देरी, सीमित बजट और अस्पष्ट कटौतियों ने निजी स्वास्थ्य संस्थानों को गहरे संकट में डाल दिया है। अप्रैल 2025 से अब तक कई बार उच्च अधिकारियों से संवाद करने के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं मिल पाया। इसलिए हम बाध्य होकर यह कदम उठा रहे हैं।

ज्ञापन में सरकार से आग्रह किया गया है कि इस समस्या का शीघ्र समाधान कर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी परिस्थितियाँ उत्पन्न न हों और योजना का वास्तविक लाभ लाभार्थियों तक पहुँच सके।

## भाजपा संगठन में फेरबदल - मिश्रा बने बहरोड़ प्रभारी, रावत को मिला जिम्मा

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देश पर अलवर उत्तर जिला कार्यकारिणी में बड़ा फेरबदल किया गया है। जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी ने नई नियुक्तियों की घोषणा करते हुए बताया कि जिले के उपाध्यक्ष सज्जन मिश्रा को बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र का संगठन प्रभारी नियुक्त किया गया है। संगठन में लंबे समय से सक्रिय और निष्ठावान कार्यकर्ता माने जाने वाले मिश्रा की नियुक्ति से बहरोड़ विधानसभा में खुशी का माहौल है। जिलाध्यक्ष चौधरी ने विश्वास जताया कि मिश्रा उसी प्रकार संगठन को मज़बूती देंगे जैसे पूर्व मंत्री डॉ. जसवंत यादव ने क्षेत्र में भाजपा को सशक्त बनाए रखा था। वहीं, रमेश रावत को बानसूर विधानसभा का संगठन प्रभारी बनाया गया है। हालांकि मिश्रा की नियुक्ति से जिस तरह का उत्साह और जश्न बहरोड़ और बानसूर में देखने को मिला, वैसा माहौल कोटपूतली क्षेत्र में नहीं रहा।

## दुकानदारों का अपहरण कर लूट-मारपीट करने वाले 8 आरोपी गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ ( अलवर )।** थाना टहला क्षेत्र में दो दुकानदार भाइयों का अपहरण कर लूट व मारपीट करने वाले आठ आरोपियों को पुलिस ने बापर्दा गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि 17 अगस्त को अनिल प्रजापत ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह व उसका भाई राजेंद्र प्रजापत करीब पांच वर्षों से बसवा रेलवे स्टेशन (दौसा) पर मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान चलाते हैं। 16 अगस्त की शाम दोनों भाई दुकान से मोटरसाइकिल पर लौट रहे थे। रास्ते में कुण्डला सरकारी स्कूल के पास बिना नंबर की स्कॉर्पियो गाड़ी में आए 5-6 लोगों ने जबरन रोककर दोनों का अपहरण कर लिया। पीड़ित भाइयों ने बताया कि आरोपियों ने उनसे क्रिप्टो करेंसी 'मैक्सी' से जुड़े 20 हजार रुपये की मांग की। इंकार करने पर उनके साथ मारपीट की गई। आरोपियों ने उनका आईफोन 14 प्रो और 13 हजार रुपये नकद भी छीन लिए। रातभर प्रताड़ित करने के बाद आरोपियों ने उन्हें जयपुर-भरतपुर रोड स्थित बालाजी मोड़ पर छोड़ दिया। मामला दर्ज होने पर एएसपी (ग्रामीण) डॉ. प्रियंका, सीओ मनीषा मीना के निर्देशन व थाना टहला प्रभारी रामस्वरूप की टीम ने तकनीकी व आसूचना आधार पर आठों आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

## ध्वजा रैली के साथ गणेश महोत्सव का शुभारंभ, पांच दिनों तक होंगे धार्मिक आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ ( अलवर )।** कस्बे के माचाड़ी चौक स्थित रिद्धि-सिद्धि गणेश मंदिर में गणेश चतुर्थी के अवसर पर शनिवार से पांच दिवसीय गणेश महोत्सव का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजा रैली से हुई, जिसे ट्रस्ट अध्यक्ष बसंत गुप्ता और महंत त्रिलोक शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली गणेश पोल से निकलकर मुख्य मार्गों से होती हुई मंदिर परिसर पहुंची। महंत त्रिलोक शर्मा ने बताया कि महोत्सव के तहत प्रतिदिन विविध धार्मिक कार्यक्रम होंगे। 25 अगस्त को प्रात: 7:15 बजे रामायण पाठ का आरंभ होगा। 26 अगस्त को सुबह हवन-पूजन तथा गणेशजी महाराज का अभिषेक होगा। 27 अगस्त को तड़के गणेशजी का विशेष श्रृंगार, दोपहर 12:15 बजे महाआरती और दोपहर 3:15 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में बैंड-बाजों, बॉम्बे नासिक ढोल और आकर्षक झांकियां शामिल होंगी। यात्रा गंगाबाग से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई गणेश पोल पर पहुंचेगी। शाम 7:.15 बजे महाआरती के साथ मेले का आयोजन भी होगा। महोत्सव की तैयारियां इन दिनों जोर-शोर से की जा रही हैं।

## उद्यमिता प्रोत्साहन समारोह में युवा उद्यमी का सम्मान, स्वावलंबी बनने की अपील





बढ़ता राजस्थान

**चौमूं ( नि.स. )** । स्थानीय सामोद रोड स्थित राजकीय विद्यालय में स्वदेशी जागरण मंच, जिला जयपुर द्वारा 300 परिवारों को रोजगार देने वाले युवा उद्यमी पुनीत सिंघल का सम्मान किया गया। युवा उद्यमी पुनीत सिंघल ने कहा कि अपनी सीए की शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात मैंने नौकरी मांगने के बजाय नौकरी देने वाला बनने का निश्चय किया।आज मैं 300 लोगों को रोजगार प्रदाता बनकर गर्व महसूस करता हूं। मुख्य वक्ता धर्मेन्द्र शर्मा 'पुरुषोत्तम' ने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच संपूर्ण भारतवर्ष में युवाओं के बीच रोजगार प्रदाता बनने तथा स्वयं का उद्यम स्थापित कर स्वावलंबी बनने की अलख जगा रहा है। युवाओं से आग्रह किया कि आप विद्यार्थी जीवन में ही कौशल/स्किल विकसित करें ताकि आप नौकरी की बजाय स्वयं के उद्यम को स्थापित कर सकें। जिला संयोजक देवदत्त शर्मा ने बताया कि स्वदेशी वस्तु व संस्कृति अपनाकर देश को समृद्ध एवं विश्व गुरु बनाने में प्रत्येक भारतीय अपना कर्तव्य निभाएं। स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग से ही देश में आधिकाधिक रोजगार उत्पन्न होंगे,जिससे हर युवा को काम एवं देश की आर्थिक उन्नति संभव हो पाएगी। सह जिला संयोजक पूनम चंद शर्मा ने उपस्थित 240 युवा एवं 18 विद्वजन सहभागियों से स्वदेशी और स्वावलंबन का संकल्प करवाया। स्वदेशी जागरण मंच की ओर से विद्यालय को '37 करोड़ स्टार्ट अप्स का देश' नामक पुस्तिका भेंट की गई। प्रधानाचार्य शंकर लाल जांगिड़ ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन मालीराम शर्मा ने किया।

## तिजारा फाटक पुल पर गड्ढे और रोडियाँ- प्रशासन की अनदेखी बन रही खतरे का कारण

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** शहर का तिजारा फाटक पुल इन दिनों खस्ताहाल सड़कों और प्रशासनिक लापरवाही के कारण दुर्घटनाओं का गढ़ बनता जा रहा है। पुल की सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे और बिखरी रोडियाँ वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल यात्रियों के लिए भी गंभीर खतरा बनी हुई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई महीनों से सड़क की मरम्मत और पैचवर्क का काम सही तरीके से नहीं हुआ, जिससे गड्ढों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। बरसात में स्थिति और बिगड़ गई है। रात के समय अपर्याप्त रोशनी के कारण खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह रास्ता बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। सोशल मीडिया एक्टिविस्ट मनीष दुरेजा ने बताया कि नागरिक कई बार इस समस्या को लेकर प्रशासन का ध्यान



आकर्षित कर चुके हैं, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। रोडियों के कारण वाहन स्किड होने की घटनाएं आम हो चुकी हैं। प्रतिदिन हजारों वाहन इस पुल से गुजरते हैं और ऐसी लापरवाही किसी भी वक्त बड़ी दुर्घटना को जन्म दे सकती है।

नागरिकों का कहना है कि तिजारा फाटक पुल की मजबूती पर पहले भी सवाल उठ चुके हैं। पुल से रोड़ी-बजरी निकलने की खबरें पूर्व में कई बार प्रकाशित हुईं, लेकिन आज तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। यह स्थिति न सिर्फ सड़क सुरक्षा, बल्कि पूरे पुल के ढांचे को भी संदेह के घेरे में डालती है। लोगों ने प्रशासन से तुरंत संज्ञान लेकर पुल की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता से कराने की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।ई तो स्थानीय लोग बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन क्रने के लिए मजबूर होंगे।



## तिगरिया गांव में कीचड़ भरे रास्ते से स्कूली बच्चों की परेशानी

### पंचायत और पीडब्ल्यूडी की लापरवाही पर ग्रामीणों में आक्रोश, जल्द समाधान नहीं होने पर विरोध की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**चौमूं ( नि.स. )** । उपखंड के तिगरिया गांव में स्कूली बच्चों को कीचड़ भरे रास्तों से होकर स्कूल जाना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में गांव का मुख्य मार्ग पूरी तरह कीचड़ से भर गया है, जिससे ग्रामीणों और खासतौर पर विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कीचड़ और गड्ढों से भरी सड़क पर बच्चों को पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है, वहीं कई बार साइकिल और बाइक फिसलने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया।

ग्रामीण दिनेश तिगरिया ने बताया कि कई बार पंचायत प्रशासन और पीडब्ल्यूडी विभाग को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव का आमजन रोजाना परेशानियों से जूझ रहा है।

विद्यार्थियों ने भी बताया कि स्कूल आने-जाने में समय अधिक लग जाता है और कपड़े व जूते खराब हो जाते हैं। अभिभावकों ने प्रशासन से शीघ्र ही रास्ते की मरम्मत कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया तो वे विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

## श्री रघुनाथ सत्संग मंडल, बड़कोलाई धाम चौमू के तत्वावधान में

### दस दिवसीय धार्मिक यात्रा के पोस्टर का हुआ विमोचन




बढ़ता राजस्थान

**चौमूं ( नि.स. )** । श्री रघुनाथ सत्संग मंडल बड़कोलाई धाम रामनगर अनंतपुरा चौमू के तत्वावधान में विश्व विख्यात पंच ज्योतिर्लिंगम, शिरडी साईंनाथ एवं शनि सिगनापुर मंदिर दर्शनार्थ आयोजित होने वाली दस दिवसीय धार्मिक यात्रा के पोस्टर का विमोचन शनिवार को अंजनी हनुमान मंदिर हाड़ोता के महंत ग्वालिया बाबा ने किया । विमोचन के समय यात्रा संयोजक रघुनाथ मंदिर बड़कोलाई धाम, रामनगर अनंतपुरा के रामबिहारीदास महाराज, समाजसेवी पूरण बाबा, सुदर्शन शर्मा, मदनलाल इंदौरिया, सुरेश गोदारा, रमेश देवंदा, हरिनारायण सैनी, प्रेमसिंह सोलंकी, विकास शर्मा मौजूद थे द्य यात्रा के सह संयोजक बी एल भंडारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस यात्रा का आयोजन आगामी 5 सितंबर शुक्रवार से 14 सितंबर रविवार तक किया जाएगा । श्रद्धालुओं को धार्मिक यात्रा के दौरान सांवरिया सेठ, नाथद्वारा में श्रीनाथजी, एकलिंगी महादेव शिवपुरी, अक्षरधाम, अकलेश्वर महादेव मंदिर, नासिक में त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंगम, शिरडी साईं नाथ, शनि सिगणापुर मंदिर, एलोरा गुफा, घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंगम दर्शन, भीमा शंकर ज्योतिर्लिंगम, लोना वाला खंडाला, ओंकारेश्वर मंदिर, उज्जैन महाकालेश्वर महादेव ज्योतिर्लिंगम दर्शन, काल भैरव मंदिर के दर्शन होंगे द्य यह धार्मिक यात्रा 5 सितंबर शुक्रवार को प्रात: 10:15 बजे गढ़ गणेश मंदिर से रवाना होगी।

## घरों में एसी पाइप चोरी करने वाले तीन शातिर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (( रूपक शर्मा ))।** शहर कोतवाली पुलिस ने घरों से एसी के कॉपर पाइप चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाल नरेश शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में शुभम सैनी और लव सैनी, दोनों निवासी नयाबास, तथा राहुल यादव, निवासी करोली कुंड, अलवर शामिल हैं। पुलिस टीम में हेड कॉन्स्टेबल रोहिताश तथा कॉन्स्टेबल मुकेश कुमार, महेंद्र और नारायण ने जांच करते हुए आरोपियों को दबोचा। इस पूरी कार्रवाई में कॉन्स्टेबल मुकेश कुमार की विशेष भूमिका रही।

## राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में नशा मुक्ति पर कार्यशाला, छात्रों ने ली शपथ

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ ( अलवर )।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में 'नई किरण नशा मुक्ति केंद्र' के तत्वावधान में नशा मुक्ति विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य के.एल. मीना ने की। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज - तीनों को खोखला कर रहा है। कमान कार्यालय, अलवर से आए सूबेदार सुशील कुमार की उपस्थिति में विद्यार्थियों ने नशा न करने की शपथ ली। मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. आंचल मीना ने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। संयोजक डॉ. चिरंजी लाल रैगर ने नशा मुक्ति अभियान हेतु भारत सरकार द्वारा जारी टोल फ्री नंबर




14446 एवं 1933 की जानकारी दी। सह-संयोजक डॉ. रचना जैन ने वर्षभर चलने वाली गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर डॉ. मीनाक्षी मीना, डॉ. रजनी मीना, मोनिका मीना समेत अनेक प्राध्यापकों और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भागीदारी निभाई।

# ग्राम निमोदा हरिजी, तहसील दिगोद, ज़िला कोटा में अतिवृष्टि से बाढ़ के हालात, उपमहापौर पवन मीणा ने किया दौरा

बढ़ता राजस्थान

**काटा ( विनोद गौड़ )।** कोटा जिले की दिगोद तहसील के ग्राम निमोदा हरिजी में 22 अगस्त की सुबह लगभग 9 बजे अचानक बाढ़ जैसे हालात बन गए। गाँव में करीब 12 फीट तक पानी भर गया, जिसके कारण ग्रामीण, किसान वर्ग को भारी नुकसान उठाना पड़ा। गाँववासियों ने बताया कि उनके पास संग्रहीत दैनिक उपयोग का राशन, आगामी फसल बुवाई हेतु रखा गया बीज, और गर्मियों तक का अनाज पानी में बह गया या भीगकर खराब हो गया। कई किसानों के ट्रैक्टरों में पानी भर जाने से इंजन खराब (साइज़) हो गया। कच्चे मकान ढह गए और करीब 300 परिवार बेघर हो गए। पवन मीना ने बताया कि गाँववासियों का कहना है कि ऊपर की ओर स्थित लगभग 500 बीघा क्षेत्र में बनी एक तालाब से यह आपदा हुई। सरकार ने इस तालाब में मछली पालन का ठेका दिया हुआ है, लेकिन ठेकेदार ने पानी के ओवरफ्लो के लिए बने गेट में लापरवाही बरती। अतिवृष्टि से जब पानी का दबाव बढ़ा तो कमजोर निर्माण कार्य के कारण गेट टूट गया और बाढ़ जैसे हालात बन गए।



### मदद मे देरी की शिकायत

मीना ने कहा कि गाँव वालों को सुबह से शाम तक कोई सरकारी मदद मौके पर नहीं पहुंची। संकट की घड़ी में उन्होंने एक-दूसरे की मदद कर खुद ही राहत एवं बचाव कार्य किया।

### एक व्यक्ति ने की आत्महत्या करने की कोशिश

इसी बीच, जब उपमहापौर पवन मीणा मौके पर निरीक्षण कर रहे थे, तभी गाँव के एक निवासी मोहन रैगर नुकसान से आहत होकर गाँव के बीच से बह रहे नाले में आत्महत्या करने के इरादे से कूद गए। गनीमत रही कि समय रहते अन्य ग्रामीणों ने उन्हें बचा लिया और सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया। यह घटना इस त्रासदी की गहराई और ग्रामीणों की मानसिक पीड़ा को दर्शाती है।

उपमहापौर पवन मीणा ने मौके पर उपस्थित तहसीलदार श्रीमती प्रीतम मीणा को निर्देश दिए कि – कोई भी पीड़ित परिवार सर्वे से वंचित नहीं रहे।सभी प्रभावितों को उचित मुआवजा मिले।

तालाब निर्माण और गेट टूटने की घटना की उच्च स्तरीय जाँच करवाई जाए।दोषी पाए जाने पर मछली पालन ठेकेदार का टेंडर निरस्त किया जाए।

पवन मीणा ने कहा कि प्रशासन को चाहिए कि वह तुरंत सक्रिय होकर प्रभावितों की मदद करे और भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो, इसके लिए सख्त कार्रवाई की जाए।

## मेड़तवाल समाज को डिजिटल तकनीक से जोड़ने की ऐतिहासिक पहल

**'मेड़तवाल कनेक्ट' एप से विवाह योग्य जीवनसाथी ढूंढने की प्रक्रिया होगी आसान, सभी सूचनाओं के लिये उपयोगी डिजिटल सेतु**



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** समाज को संगठित, जागरूक और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक अभिनव डिजिटल पहल की गई है। अखिल भारतीय मेडतवाल (वैश्य) समाज द्वारा देश-विदेश में रहने वाले सभी समाजबंधुओं में सामाजिक संबंधों को मजबूत करने के लिये एंड्रॉइड मोबाइल एप 'मेड़तवाल कनेक्ट' लांच किया गया।

इस एप का शुभारंभ भारत सरकार के पूर्व सचिव आईएएस राधेश्याम जुलानिया, भोपाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री गोपालचंद्र गुप्ता (बारवां वाले), पूर्व जिला कलक्टर रमेशचंद्र भंडारी एवं बीएसएनएल अधिकारी राजेश गुप्ता उपस्थित रहे। भारत सरकार के पूर्व सचिव आईएएस राधेश्याम जुलानिया ने कहा कि समाज को जोड़ने और तकनीकी प्रगति की ओर ले जाने का यह प्रयास सराहनीय है।

**समाज को मिलेगी ग्लोबल पहचान**–कॉर्डिनेटर राजेश गुप्ता ने सभी समाज बंधुओ से अपील की है कि 'मेड़तवाल कनेक्ट' एप को डाउनलोड कर अपने परिवार व परिचित की जानकारी अपलोड करें। यह एप समाज में एकता, मेलजोल, परस्पर सहयोग और पारिवारिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## गुल्लक की बचत से पौधारोपण के साथ मनाया जन्मदिन



बढ़ता राजस्थान

**भवानी मंडी ( नि.स. )।** स्थानीय निवासी 8 वर्षीय छात्र मुबश्शिर अली ने अपने जन्मदिन को अनोखे अंदाज़ में मनाते हुए पर्यावरण संरक्षण की मिसाल पेश की। मुबश्शिर ने अपना गुल्लक तोड़कर उसमें जमा राशि से पौधे खरीदे और अपने जन्मदिवस पर विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। बच्चे के पिता शाहिद अली ने बताया कि मुबश्शिर ने स्वयं पौधों के महत्व को समझते हुए कहा मैं अपना जन्मदिन पौधे लगाकर ही मनाऊँगा। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए आज विद्यालय परिवार के गुरुजनों के साथ मिलकर पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य उमाशंकर शर्मा, विद्यालय प्रबंधक सीताराम नवल, पर्यावरण प्रेमी फूलचंद वर्मा, समाजसेवी पीरु खान, पिरूलाल ठेकेदार सहित विद्यालय का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा और बच्चे की पहल की सराहना की।

## पिछले दिनो से हो रही भारी वर्षा से प्रभावित रेलवे कर्मचारियों के लिए WCREU की राहत पहल



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( दामोदर सिंह )।** कोटा मंडल के कापरेन ,अरनेठा क्षेत्र में लगातार हो रही भारी वर्षा से रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कापरेन रेलवे स्टेशन स्थित रेलवे कॉलोनी में लगभग 4 फीट पानी भर गया है, जहाँ 60 अधिक रेलवे कर्मचारियों के परिवार निवास करते है। इस आपात स्थिति में वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्पलॉईज यूनियन के महासचिव एवं ऑल इंडिया रेलवेमेन्स फेडरेशन के सहायक महासचिव श्री मुकेश गालव एंव मण्डल कोषाध्यक्ष श्री ईरशाद खान के नेतृत्व में संगठन ने राहत की पहल की । यूनियन द्वारा प्रभावित कर्मचारियों व उनके परिवारों को फूड पैकेट वितरित किए गए। एंव श्री मुकेश गालव द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक कोटा से वार्ता कर कॉलोनी परिसर में कैम्पिंग कोच की व्यवस्था करने का अनुरोध किया, ताकि प्रभावित परिवारों को अस्थायी राहत मिल सके। और मुकेश गालव ,श्री इरशाद खान , सलीम खान सहित यूनियन के प्रतिनिधियों ने पूरी कॉलोनी का निरीक्षण करा गया और अरनेठा स्टेशन कर्मचारियों की समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से सुना और प्रशासन को आवश्यक कदम उठाने के लिए सुझाव दिए। श्री गालव ने कहा की –WCREU/AIRF का संकल्प है कि हर परिस्थिति में रेलवे कर्मचारियों के साथ खड़े रहें और उन्हें हर संभव सहायता दिलाई जाए। संघ के इस मानवीय कदम की स्थानीय कर्मचारियों ने सराहना की और संगठन को धन्यवाद दिया।

## रामगंजमंडी पुलिस की कार्रवाई, अवैध जुआ खेलते चार गिरफ्तार

**रामगंजमंडी (प्रमोद राठौर)।** पुलिस थाना रामगंजमंडी ने शनिवार को अवैध जुआ खेलते हुए चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 9820 रुपये नकद भी जब्त किए। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में बंशीलाल पुत्र रामस्वरूप (31) निवासी खैराबाद, शंकरलाल पुत्र नन्दलाल (37) निवासी भीमपुरा, रामबाबू पुत्र रामगोपाल (29) निवासी मायला तथा राजकुमार पुत्र जगदीश (28) निवासी गोरधनपुरा रोड, मोची मोहल्ला रामगंजमंडी शामिल हैं। थाना प्रभारी मनोज सिंह सिकरवार के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में विशेष भूमिका कांस्टेबल चन्द्रशेखर शर्मा (आसूचना अधिकारी) एवं कांस्टेबल रेशपाल की रही।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर में पंचकर्म शिक्षकों के लिए छह दिवसीय सीएमई कार्यक्रम का समापन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,( का.स. )।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर एवं आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पंचकर्म शिक्षकों हेतु छह दिवसीय सीएमई कार्यक्रम का आयोजन 18 अगस्त से 23 अगस्त 2025, एनआईए जयपुर में किया गया। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो.संजीव शर्मा ने कहा आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में पंचकर्म चिकित्सा का बहुत महत्व है इसके द्वारा संस्थान में जटिल से जटिल रोगों का उपचार हो रहा है। यह सीएमई कार्यक्रम पंचकर्म शिक्षकों की शैक्षणिक नींव को और मजबूत करेगा तथा आयुर्वेद शिक्षा में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में सहायक होगा। पंचकर्म विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. गोपेश मंगल ने बताया कि देशभर से आए 30 पंचकर्म शिक्षकों को पंचकर्म के मूल सिद्धांतों, आभ्यंतर स्नेहन, बाह्य स्नेहन, स्वेदन कर्म, विरेचन, वमन, बस्तिकर्म, रक्त मोक्षण, उत्तर बस्ति और नस्य कर्म जैसे प्रमुख विषयों के साथ-साथ संसरजन क्रम, फिजियोथैरेपी एवं क्रियाकल्प जैसे महतवपूर्णा पहलुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। सीएमई कार्यक्रम में व्याख्यानों, संवादात्मक सत्रों तथा प्रायोगिक प्रदर्शन के माध्यम से पंचकर्म विषय में प्रशिक्षण, ज्ञानवर्धन तथा शिक्षण कौशल को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रो. अनुप ठाकुर, प्रो. अरुण गुप्ता,प्रो. गोपेश मंगल डॉ. सर्वेश कुमार सिंह, डॉ. पुलक कांतिकार, डॉ. प्रवीण बी. एस., प्रो. गुलाब पमनानी, प्रो. संतोष कुमार भट्टेड, प्रो. आशीष मेहता, डॉ. अश्विनी कुमार एम., प्रो. सचिन शांतिलाल चंदलिया और प्रो. आनंदरामन शर्मा के साथ देशभर के पंचकर्म विशेषज्ञों ने जानकारी दी।

## तलवण्डी व्यापार संघ का शपथग्रहण समारोह सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** तलवण्डी व्यापार संघ का शपथग्रहण समारोह शनिवार को सम्पन्न हुआजिसमें नवनियुक्त कार्यकारिणी को नागरिक सहकारी बैंक के चेयरमेन राजेश बिरला एवं विधायक संदीप शर्मा ने शपथ दिलवाई। इस अवसर पर राजेश बिरला ने कहा कि तलवण्डी व्यापार संघ ने व्यवस्थित और सुनियोजित व्यापार का अपना दायित्व निभाया ही है, साथ ही पूरे शहर के व्यापारियों के ज्वलन्त मुद्दों पर बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाई है। उन्होंने व्यापारियों का आव्हान किया कि कोटा में व्यापार के विकास के लिए पर्याप्त सम्भावनाएं हैं इसलिए व्यापारी नए उद्यम स्थापित करने के लिए आगे आएं। भाजपा सरकार प्रदेश में व्यापार और व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। अपने सम्बोधन में विधायक शर्मा ने कहा कि व्यापारी हमारी अर्थव्यवस्था की धुरी हैं और देश के विकास में महत्वपूर्ण घटक हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक माहेश्वरी ने की। वहीं उद्योग महाप्रबंधक हरिमोहन शर्मा, एसबीआई के रीजनल मेनेजर नवीन लवखानी कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे। इस अवसर पर विवेक राजवंशी, संजीव विजय, योगश अहलुवालिया, भानुप्रताप गौड़ सहित कई व्यापारीगण मौजूद रहे। कार्यक्रम को व्यापार संघ अध्यक्ष रविन्द्र दुबे एवं महासचिव मनोज गुप्ता ने भी सम्बोधित किया।

## श्री गणेश मेला के लिए कोटा-मथुरा- कोटा सुपरफास्ट विशेष ट्रेन

**कोटा ( का.स. )।** कोटा मंडल के यात्रियों की सुविधा हेतु आगामी श्री गणेश मेला के अवसर पर रेलवे प्रशासन द्वारा कोटा-मथुरा-कोटा के बीच सुपरफास्ट विशेष ट्रेन सेवा प्रारंभ की जा रही है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि गाड़ी संख्या 02081/02082, कोटा-मथुरा-कोटा श्री गणेश मेला सुपरफास्ट विशेष ट्रेन का संचालन दिनांक 26 अगस्त से 28 अगस्त 2025 तक कुल 03-03 फेरे के लिए किया जाएगा। गाड़ी संख्या 02081 (कोटा-मथुरा) कोटा स्टेशन से सुबह 08.45 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन मार्ग में 09.38 बजे इंद्रगढ़, 10.08 बजे सवाई माधोपुर, 10.58 बजे गंगापुर सिटी, 11.23 बजे श्री महावीर जी, 11.35 बजे हिंडौन, 12.05 बजे बयाना एवं 12.43 बजे भरतपुर स्टेशनों पर ठहरते हुए मथुरा स्टेशन पर दोपहर 14.10 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 02082 (मथुरा-कोटा) मथुरा स्टेशन से शाम 16.15 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन मार्ग में 16.43 बजे भरतपुर, 17.13 बजे बयाना, 17.38 बजे हिंडौन, 17.50 बजे श्री महावीर जी, 18.30 बजे गंगापुर सिटी, 19.13 बजे सवाई माधोपुर एवं 19.42 बजे इंद्रगढ़ स्टेशनों पर ठहरते हुए कोटा स्टेशन पर रात 21.10 बजे पहुंचेगी।

## कोटा में प्रोपट्री व्यवसाय में आएगी तेजी, विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा कोटा शहर

- कोटा रेलवे स्टेशन, एक्सप्रेस वे एवं ऐयरपोर्ट से बढेंगे प्रोपर्टी के दाम
- प्रोपर्टी डीलर्स एसोसिएशन कोटा का प्रॉपर्टी डीलर मिलन समारोह सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( दामोदर सिंह )।** प्रोपर्टी डीलर्स एसोसिएशन कोटा का प्रोपर्टी डीलर मिलन समारोह होटल पद्मावत रिजॉर्ट नयागांव रावतभाटा रोड कोटा पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक राजवंशी थे। विशिष्ट अतिथि विद्याशंकर गौतम रहे। अध्यक्ष राजेश खंडेलवाल ने बताया कि इस आयोजन में शहर व आसपास के प्रोपट्री व्यवसाय से जुडें लोग उपस्थित रहे। कार्यवाहक अध्यक्ष विनोद पारेता ने बताया कि प्रोपर्टी डीलर एसोसिएशन की ओर से आयोजित प्रोपर्टी डीलर्स मिलन समारोह में कोटा शहर में आ रही मंदी पर चर्चा की गई तो दूसरी और बढते कोटा शहर में प्रोपर्टी में तेजी आए ऐसी संभावनाओं को तलाशा गया। मुख्य अतिथि दीपक राजवंशी ने कहा कि कोटा शहर में वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन बन रहा है, न्यू कोटा रेलवे स्टेशन का भी विस्तार हो रहा है, एक्सप्रेस वे बन रहा है, मुकुंदरा में टाइगर आ रहे हैं, पर्यटन नगरी के रूप में कोटा पहचान बना रहा है और हवाई सेवा शुरू होना कोटा के विकास में चार चांद लगा देगा। विद्या शंकर गौतम ने कहा कि कोटा शहर की प्रोपर्टी के दाम एक बार फिर तेजी से बढ़ने की संभावना नजर आ रही है। जो भी समस्याएं आ रही है उन्हें दूर करने का प्रयास होगा। इस दौरान कार्यवाहक अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष हरीश गालव, सह कोषाध्यक्ष मनोज बंसल, कार्यकारिणी में संगठन मंत्री राम गिडवानी, सह संगठन मंत्री जीतू राजपाल, वरिष्ठ सदस्यों में हरविंदर सिंह कपूर, दौलत राम लालवानी, प्रदीप पाटनी, शंकर मित्तल, श्रीनाथ राठौर, हरक चंद नामा, ओम प्रकाश गुप्ता, गिरीराज खंडेलवाल, सुरेन्द्र जैन, सदस्य अंकित जैन, इशान माथुर, नरेश लालवानी, नरेश शिवहरे, राहुल पारेता, कैलाश लेखवानी, मनीष माहेश्वरी हेमंत जैन सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## भगत नरसी का कर्ज उतारने स्वयं पधारे ठाकुर, भरा नानी बाई का मायरा।

**माहेश्वरी महिला मंडल की ओर से आयोजित कथा का हुआ समापन।**

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** माहेश्वरी समाज कोटा से संबद्ध माहेश्वरी महिला मंडल की ओर से माहेश्वरी भवन में चल रही नानी बाई रो मायरो कथा का समापन शनिवार को भावपूर्ण वातावरण में पूर्णाहूति हुआ। कथावाचक आचार्य राधाचरण जी महाराज ने प्रभु पर अटूट विश्वास और भक्ति के महत्व को हृदयस्पर्शी शैली में प्रस्तुत किया। मंडल की अध्यक्ष प्रीति राठी और सचिव सरिता मोहता ने बताया कि अंतिम दिवस पर मुख्य यजमान के रूप में ओम माहेश्वरी (केरियर पॉइंट परिवार), रमा नारायण स्वरूप कालानी परिवार और पीयूषा न्याती परिवार रहे। कथा स्थल पर अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा पश्चिमांचल के उपसभापति राजेश कृष्ण और सूरज बिरला,मंत्री बिठ्ठलदास मूंदडा एवं महेश अजमेरा की गरिमामयी उपस्थिति भी रही।

कार्यक्रम में मंडल की ओर से नानी बाई की भूमिका सरिता मोहता ने निभाई, जबकि रूक्मणी के रूप में अंकिता राठी, राधा के रूप में प्रीति राठी ,कृष्ण सुमन साबू और नरसी के रूप में आरती काबरा ने सजीव अभिनय कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कथा के चरम प्रसंग में ठाकुरजी स्वयं नानी बाई के भाई बनकर 56 करोड़ का मायरा भरते दिखाए गए। इस दृश्य का सजीव मंचन होते ही पांडाल 'राधे-कृष्णा' और 'हरि बोल' के जयकारों से गूंज उठा। भक्त नरसी मेहता की भक्ति, नानी बाई की पीड़ा और भगवान श्रीकृष्ण की कृपा-गाथा को इतने भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया कि श्रोता भावविभोर हो उठे।

भक्ति भजनों मेरे तो गिरधर गोपाल, दूसरा न कोई और नरसी का भात, श्रीकृष्ण का साथ पर श्रोता झूम उठे। भजन गायिका नीरू राणा और सहयोगी कलाकारों ने संगीतमय वातावरण को और भी भक्तिमय बना दिया।इसी संदर्भ में भगवान द्वारिकाधीश ने नानी बाई को चुनरी ओढ़ाई, मायरा भरकर ससुराल पक्ष को चमत्कृत किया और अंत में 12 घंटे तक स्वर्ण वर्षा कर भक्तों का मन मोह लिया।

कथा में वर्णित प्रसंगों के माध्यम से आचार्य राधाचरण महाराज ने समझाया कि जब भक्त सच्चे भाव से पुकारता है, तो भगवान स्वयं उसकी लाज रखने आते हैं।

## प्रादेशिक सेवारत वैश्य संस्था का सम्मान समारोह आज

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** प्रादेशिक सेवारत वैश्य संस्था कोटा द्वारा रविवार को अपराह्न 2 बजे सम्मान समारोह एवं स्नेह मिलन समारोह रामधाम आश्रम दादाबाड़ी पर आयोजित किया जाएगा। जिसमें भामाशाहों का सम्मान किया जाएगा। अध्यक्ष हुकुमचंद मंगल एवं प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र जैन ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कोटा आईजी राजेंद्र प्रसाद गोयल होंगे।अध्यक्षता एडीएम सिटी अनिल सिंघल करेंगे। महामंत्री प्रकाश तापड़िया तथा कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि रामधाम आश्रम के महंत लक्ष्मण दास महाराज, एडिशनल एसपी अंकित जैन, राजेश डागा आरएएस राजेश जी गोयल आईएएस, महेश गुप्ता शिव ज्योति, राकेश जैन जिला अध्यक्ष भाजपा, अशोक माहेश्वरी व्यापार संघ, राजीव अग्रवाल महापौर, एडिशनल एसपी पवन जैन,एडिशनल एसपी अरुण कांत सोमानी भी अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम प्रारंभ में हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा उसके बाद सम्मान समारोह प्रारंभ कर दिया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 70 कार्यकर्ता लगे हुए हैं।

## एशिया की सबसे बड़ी धनिया मंडी में कचरे की बिक्री का मामला उजागर

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी ( प्रमोद राठौर )।** एशिया की सबसे बड़ी मानी जाने वाली धनिया मंडी, रामगंजमंडी में अव्यवस्थाएँ लगातार सामने आ रही हैं। ताज़ा प्रकरण में किसानों द्वारा बेकार समझकर फेंके गए धनिया कचरे को कुछ व्यापारी मंडी परिसर के भीतर ढेर लगाकर बेच रहे थे। भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुँचकर इस अनियमितता की जानकारी मंडी कर्मचारियों को दी। तत्पश्चात मंडी प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए बिक्री पर रोक लगाई। इसी दौरान एक ट्रक (नंबर एमपी 08 7422) धनिया कचरा बेचने के लिए मंडी पहुँचा, जो कि मध्यप्रदेश के कुंभराज मंडी का माल बताया गया। इसे भी रुकवाकर वापस भेज दिया गया। भारतीय किसान संघ ने किसानों से अपील की है कि यदि ऐसी स्थिति कहीं भी दिखाई दे तो तुरंत कृषि उपज मंडी कार्यालय या किसान संघ को सूचना दें, ताकि मंडी की पारदर्शिता और साख बनी रहे।



## सड़क हादसे में घायल यात्रियों से एडीएम ने पूछी कुशलक्षेम



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद।** चारभुजा थाना क्षेत्र के अमरतिया में शनिवार को बस और पिकअप वाहन की टक्कर में घायल यात्रियों का हालचाल जानने एडीएम नरेश बुनकर तुरंत आर.के. जिला चिकित्सालय पहुंचे। उन्होंने घायलों से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूछी और चिकित्सकों को त्वरित एवं समुचित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अस्पताल में उपखंड अधिकारी बृजेश गुप्ता, पीएमओ डॉ. रमेश रजक सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

एडीएम बुनकर ने घायलों की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली और कहा कि मरीजों के उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## डॉ. मधु मुकुल चतुर्वेदी को राष्ट्रीय माँ भारती सेवा सम्मान से सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( यतेन्द्र कुमार पाण्डेय )।** वरिष्ठ भाजपा नेता, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, साहित्यकार, समाजसेवी, पर्यावरणविद एवं राष्ट्रवादी विचारक डॉ. मधु मुकुल चतुर्वेदी को राष्ट्रीय स्तर पर माँ भारती सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया है। विश्व गंगा वाहिनी एवं शोध संस्थान, आगरा की ओर से आयोजित समारोह में संस्थान के निदेशक डॉ. मुकेश कुमार ऋषि वर्मा ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया।

डॉ. चतुर्वेदी को यह सम्मान राष्ट्रभक्ति, साहित्य साधना, शोध, शिक्षा और हिंदी भाषा विकास के क्षेत्र में उनके प्रेरक, रचनात्मक और उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया। डॉ. चतुर्वेदी को संगठनात्मक कार्यों का लंबा अनुभव है।

वे पिछले 35 वर्षों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विविध सामाजिक संगठनों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। शैक्षणिक और सामाजिक क्षेत्र में उनकी विशिष्ट पहचान है। वे एक कुशल समीक्षक, प्रभावशाली वक्ता और सफल मंच संचालक के रूप में भी जाने जाते हैं। डॉ. चतुर्वेदी समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर सक्रिय रहते हुए प्रेरणास्रोत की भूमिका निभा रहे हैं।

## अपहरण और मारपीट कर रुपये छीनने वाली गैंग चढी पुलिस के हत्थे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** गलता गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपहरण और मारपीट कर रुपये छीनने वाली गैंग का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गैंग में शामिल फेक गर्लफ्रेंड व कार ड्राइवर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस जांच में सामने आया कि गर्लफ्रेंड बनवाकर अपहरण कर लूट की योजना उसके साले ने की थी। मारपीट कर साले ने अपने साथियों के साथ मिलकर ऑनलाइन रुपए ट्रांसफर करवाए और फिर झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। वहीं पुलिस इस मामले में फरार बदमाशों की तलाश में दबिश दे रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) करन शर्मा ने बताया कि गलतागेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपहरण और मारपीट कर रूपये छीनने वाली गैंग की फेक गर्लफ्रेंड दर्शिका कुमारी बैरवा (23) निवासी सपोटरा जिला करौली हाल लालकोठी स्कीम ज्योति नगर और कार ड्राइवर वी.पी सिंह गुर्जर (22) निवासी बामणवास जिला सवाईमाधोपुर हाल थड़ी मार्केट मानसरोवर को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई आरोपितफेक गर्लफ्रेंड दर्शिका कुमारी ने योजना के तहत बातचीत कर पीड़ित से दोस्ती की और मिलने के बहाने बुलाकर पीड़ित को धोखे से कार में बैठाकर ड्राइवर वी.पी सिंह के साथ मिलकर अपहरण किया था।

इस मामले में मास्टर माइंड साले रविन्द्र और उसके साथियों की तलाश की जा रही है। थानाधिकारी उदय सिंह ने बताया कि 19 अगस्त को मालपुरा गेट निवासी युवक ने मामला दर्ज करवाया था कि 18 अगस्त को दशु नाम की लड़की ने कॉल कर मिलने के लिए डब्ल्यूटीपी बुलाया।

जहां कार में बैठी मिली लड़की ने उसकी बाइक को पार्किंग में खड़ा करवा दिया और कार में उसे साथ में बैठाकर ड्राइवर को खोले के हनुमानजी चलने की कहा। दर्शन कर वापस लौटते समय कुछ ही दूरी पर चार-पांच लड़कों ने उनकी कार रोक ली। उसमें उसका साला रविन्द्र भी था, जिसने सिर पर तौलिया डाल रखा था। दोनों तरफ के गेट खोलकर उसके मुंह में कपड़ा ठूंसकर कार में ही डालकर उसका अपहरण कर लिया। साले रविन्द्र ने पिस्तौल तानकर जान से मारने की धमकी दी।

मारपीट कर लड़की के मोबाइल नंबर पर ऑनलाइन रुपए ट्रांसफर करवा लिए। दूसरी गाड़ी में पटककर उसे बसवा के पास पहाड़ियों में ले गए। मारपीट कर लड़की के साथ आपत्तिजनक फोटो खींच झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। जहां मौका पाकर भागकर ट्रेन में बैठकर जयपुर आया और पुलिस को जानकारी दी।

## 1 सितम्बर को होगा द्वितीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

बढ़ता राजस्थान

**बसेड़ी ( राजू शर्मा )।** अपना घर सेवा समिति बसेड़ी के तत्वावधान में द्वितीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आगामी 1 सितम्बर, सोमवार को आयोजित होगा। शिविर की तैयारियों को लेकर समिति अध्यक्ष कैलाश चंद गोयल की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें सर्वसमाज के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।


समिति सचिव रवि गोयल ने बताया कि इस बार 200 यूनिट रक्त एकत्र करने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 120 रक्तदाताओं का पंजीकरण हो चुका है और प्रक्रिया लगातार जारी है। शिविर में एकत्र रक्त को धौलपुर जिला अस्पताल की टीम के माध्यम से ब्लड बैंक में भेजा जाएगा।

बैठक में वक्ताओं ने रक्तदान को जीवनदायी और पुण्य का कार्य बताते हुए लोगों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की। समाज प्रतिनिधियों ने कहा कि रक्तदान के लिए लोग न केवल स्वयं आगे आएं बल्कि दूसरों को भी प्रेरित करें ताकि रक्त की कमी से जूझ रहे लोगों की मदद की जा सके।

बैठक में कैलाश चंद गोयल, मायाराम शर्मा, रोशन लाल, अशोक गर्ग, पीतम जादौन, भीमसिंह परमार, महेंद्र कोली, विवेक गोयल, हेमंत बंसल, रवि गर्ग, अंकुर गर्ग और नितिन कुशवाह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# शिक्षा विभाग का राज्य स्तरीय चिंतन शिविर सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** मेवाड़ की पावन धरती पर शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय चिंतन शिविर का समापन शनिवार को हुआ। इस ऐतिहासिक आयोजन में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर पूरे समय उपस्थित रहे और सभी सत्रों में सुझावों को गंभीरता से सुना।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस शिविर से निकले निष्कर्ष राजस्थान को शिक्षा के क्षेत्र में देशभर में अग्रणी बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने इसे मूल्य आधारित शिक्षा की दिशा में एक मील का पत्थर बताते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक तकनीक का समन्वय शिक्षा का नया मार्ग प्रशस्त करेगा। शिविर में विशेषज्ञों और शिक्षाविदों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, समग्र शिक्षा, नैतिक मूल्यों के समावेश, नामांकन बढ़ाने और ड्रॉपआउट दर कम करने जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा की। साथ ही सुरक्षित भवन, स्वच्छ एवं हरित परिसर, बालिका शिक्षा, समावेशी शिक्षा, डिजिटल शिक्षा, तनाव प्रबंधन और पोक्सो मामलों पर जागरूकता जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया गया। संस्थागत सुधारों के तहत स्टेट ओपन स्कूल, आरएससीईआरटी, पाठ्यपुस्तक मण्डल और डाइट जैसे संस्थानों को और सशक्त बनाने की रणनीतियाँ प्रस्तुत की गईं। वित्तीय प्रबंधन और खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता पर भी सुझाव रखे गए। समापन सत्र में शिक्षा मंत्री ने सभी विशेषज्ञों और प्रतिभागियों का आभार जताया और कहा कि इस चिंतन शिविर से निकले विचार और सुझाव शिक्षा जगत में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने का आधार बनेंगे। शिविर में सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने प्रत्येक बच्चे की प्रतिभा को पहचानने और प्रोत्साहित करने पर बल दिया। विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के सचिव अतुल कोठारी, विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों के कुलपति, निदेशक और अधिकारी उपस्थित रहे।

शिविर में शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद और अन्य गणमान्य लोग भी शामिल हुए।

## विधायक जसवंत गुर्जर ने दीप प्रज्वलित कर श्री बाबू महाराज लक्खी मेले का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** क्षेत्र के आराध्य देव श्री बाबू महाराज का चार दिवसीय लक्खी मेला शनिवार को बाड़ी विधायक जसवंत सिंह गुर्जर, पंच पटेल एवं समिति पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुरू हुआ। उद्घाटन अवसर पर समिति अध्यक्ष मास्टर भगवान सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। विधायक ने मेले की सफलता और श्रद्धालुओं की सुख-समृद्धि की कामना की। इस बार बाबू दौज 25 अगस्त को मनाई जाएगी। दौज के दिन देशभर से लाखों श्रद्धालु यहाँ पहुँचते हैं। रात को बाबू महाराज की भगत मंडली द्वारा बाबू लीला का गायन होगा। श्रद्धालुओं की मान्यता है कि बाबा की भवूती लगाने से कुष्ठ व चर्म रोग दूर हो जाते हैं। मेले में इस बार अश्लील गानों और डीजे पर रोक लगाई गई है। दुकानदारों को अपनी दुकानों पर कचरा पात्र रखना अनिवार्य होगा। मेले को क्षेत्रीय लोग त्यौहार की तरह मनाते हैं। परंपरा अनुसार घर-घर खीर-पुआ का प्रसाद बनाकर पहले बाबू महाराज को अर्पित किया जाता है। मंदिर में बूरे का प्रसाद और पीतल के घंटे चढ़ाने की परंपरा भी सदियों से चली आ रही है। इसके साथ ही गंगाजल की कांवड़ यात्रा भी विशेष आकर्षण रहती है, जिसमें हजारों भक्त हरिद्वार से गंगाजल लाकर मंदिर में चढ़ाते हैं और बम गायन एवं बाबू लीला का आयोजन करते हैं।

## पिकअप को 100 फीट तक घसीट ले गई रोडवेज बस

### दोनों ड्राइवरों की मौत, 5 यात्री घायल; शव काटकर निकाले



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद में शनिवार अलसुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया। चारभुजा थाना क्षेत्र के अमरतिया गांव के पास जाल वाले बालाजी मंदिर के पास रोडवेज बस और पिकअप में भीषण टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहनों के ड्राइवरों की मौत हो गई, जबकि बस में सवार 5 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलते ही चारभुजा पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी चारभुजा भिजवाया गया। घायलों का उपचार जारी है।

मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाए गए हैं। हादसे के समय बस में करीब 30 सवारियां मौजूद थीं।

#### 100 फीट तक घसीटी पिकअप

शनिवार सुबह करीब 5 बजे रोडवेज बस जयपुर से उदयपुर की ओर जा रही थी। इसी दौरान गोमती चौराहे के पास बस ने कोल्ड ड्रिंक से भरी पिकअप को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस पिकअप को करीब 100 फीट तक घसीटते हुए ले गई।

दोनों वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर गए। पिकअप चालक लाभूराम रेबारी (40), निवासी सगड़वा गांव, थाना चितलवाना (जालोर) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बस चालक नानूराम सैनी (56), निवासी काकरिया गांव, केकड़ी ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

#### 5 यात्री घायल, एक की पसलियां टूटीं

राजकीय आरके हॉस्पिटल, राजसमंद के पीएमओ डॉ. रमेश रजक ने बताया कि हादसे में बस ड्राइवर समेत 6 घायलों को अस्पताल लाया गया था। इलाज के दौरान बस चालक की मौत हो गई।

एक यात्री की पसलियां टूटी हैं, जबकि चार अन्य की हालत स्थिर है और जल्द ही डिस्चार्ज कर दिए जाएंगे।

## संत नगर रोड पर फिर जलभराव, पार्षद ने कराया प्रशासन को अवगत

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के संत नगर रोड पर एक बार फिर जलभराव और कीचड़ की समस्या उत्पन्न हो गई है। अवरुद्ध नाले के कारण यह स्थिति बनी, जिससे राहगीरों और कॉलोनियों के निवासियों को भारी परेशानी हो रही है। वार्ड 12 की पार्षद अनीता मीणा ने बताया कि नाला सफाई का ठेका होने के बावजूद कार्य सही ढंग से नहीं हुआ, जिसके चलते यह समस्या बार-बार सामने आ रही है। उन्होंने उपखंड अधिकारी और नगर पालिका प्रशासन को मामले से अवगत कराते हुए शीघ्र समाधान की मांग की है।

## अवैध डंपरों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के खिलाफ सड़कों पर उतरे नागरिक

### कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर, ( मोहम्मद नज़ीर कादरी )।** शहर में अवैध रूप से चल रहे भारी वाहनों की रोकथाम की मांग को लेकर आज स्थानीय नागरिकों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। वरुण सागर रोड स्थित टेलीफोन एक्सचेंज चौराहे पर हुए इस प्रदर्शन का नेतृत्व आरएलपी नेता आशीष सोनी ने किया। प्रदर्शनकारियों ने हाल ही में दो दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में मासूम बच्चों की मौत का हवाला देते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की। उनका आरोप है कि शहर में बिना अनुमति के चल रही बजरी से भरे डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉलियां न सिर्फ यातायात को बाधित कर रही हैं, बल्कि आमजन की जान भी खतरे में डाल रही हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर उन्हें शांत किया। समझाइश के बाद धरना समाप्त किया गया, जिसके बाद प्रदर्शनकारी जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपने रवाना हुए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि आगामी तीन दिनों में प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा।

## वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी विमलेश शर्मा की धर्मपत्नी का निधन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी विमलेश शर्मा (पत्रकार, जयपुर) की धर्मपत्नी श्रीमती उमा शर्मा का आकस्मिक देवलोकगमन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 24 अगस्त 2025, रविवार को प्रातः 10:30 बजे पैतृक गांव बिसाऊ, जिला झुंझुनूं में संपन्न होगा। श्रीमती उमा शर्मा का स्नेही, मृदुभाषी एवं सेवाभावी व्यक्तित्व सदैव स्मरणीय रहेगा। उनके निधन से परिवार एवं समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। उनके निधन पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गंगाराम पाराशर, संगठन महामंत्री दयाचंद पचौरी, जॉन-1 के प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त शर्मा, युवा प्रदेश अध्यक्ष इंदु शेखर शर्मा, भरतपुर जिला अध्यक्ष सुनील पाराशर, देवाशीष भारद्वाज, बृजभूषण पाराशर, अनिल भारद्वाज, सेफ इंडिया फाउंडेशन के संस्थापक निदेशक अमित भारद्वाज, आर.पी. शर्मा, अशोक शर्मा (भुसावर), हरिओम शर्मा, शाहिद सहित अनेक मित्रों व समाजबंधुओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है। सभी ने परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को यह असहनीय दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## 28 अगस्त से भरेंगे मचकुंड देवछठ मेले के रंग, श्रद्धालुओं से स्वच्छता बनाए रखने की अपील

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** ऐतिहासिक तीर्थराज मचकुंड पर लगने वाला देवछठ का लक्खी मेला 28 और 29 अगस्त को भरेगा। मेले की रौनक बढ़ने लगी है और झूला-चकरी संचालक व दुकानदार अपनी दुकानों व स्टॉल लगाने में जुट गए हैं। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के लिए व्यापक तैयारियाँ शुरू कर दी हैं। यह मेला कौमी एकता और गंगा-जमुनी तहज़ीब की अनूठी मिसाल माना जाता है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश व राजस्थान सहित आसपास के क्षेत्रों से लाखों श्रद्धालु सरोवर में डुबकी लगाने आते हैं और पहाड़ पर स्थित अब्दाल शाह बाबा की दरगाह पर मत्था टेकते हैं। मेले से जुड़ी प्राचीन मान्यताओं के अनुसार, नवविवाहित जोड़े अपने सहरे की कलंगी का सरोवर में विसर्जन कर सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। ऐसा भी विश्वास है कि मचकुंड सरोवर में स्नान करने से पुराने चर्म रोग दूर हो जाते हैं। इस बार साधु-संतों और महंत कृष्णदास ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि पूजन सामग्री और मोहरी कलंगी को सरोवर में न बहाएँ, बल्कि घाटों पर रखे पात्रों में डालें, ताकि सरोवर स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त बना रहे। कार्यवाहक सफाई निरीक्षक सीताराम शर्मा ने बताया कि मेले में स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रशासन और नगर परिषद ने विशेष प्रबंध किए हैं।

## जिला स्तरीय शारीरिक शिक्षक वाकपीठ का समापन



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** सिंधु मैरिज होम में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय शारीरिक शिक्षक वाकपीठ (प्रारंभिक शिक्षा) का आज समापन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मसूदपुर के तत्वावधान में किया गया।

समाजसेवी नरेंद्र सिंधु ने अपने संबोधन में कहा कि खेलों से उनका हमेशा गहरा लगाव रहा है। छात्र जीवन में वे स्वयं खिलाड़ी रहे हैं और इस वाकपीठ में भाग लेने वाले कई शिक्षक उनके गुरु और साथी रह चुके हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि संगठन और खिलाड़ियों के हित में वे हर संभव सहयोग देंगे।

उपजिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) बिजेंद्र कोली ने कहा कि बच्चों को नियमित रूप से खेलों में शामिल करना आवश्यक है। निरंतर अभ्यास से ही जिला और राज्य स्तर के खिलाड़ी तैयार हो सकेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि कार्यालय स्तर की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।

संगोष्ठी संयोजक रामवरण कंसल ने बताया कि दो दिनों तक कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल, तीरंदाजी, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस और बैडमिंटन जैसे खेलों के साथ-साथ शारीरिक शिक्षा संबंधी वार्ताएं भी आयोजित की गईं। सह-संयोजक यादवेंद्र सिंह ने अतिथियों का माला एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया।

प्रभारी फिजिकल डिप्टी चौबसिंह ने सभी अतिथियों और शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए वाकपीठ का समापन किया। कार्यक्रम का संचालन अनिल मिश्रा ने किया।

इस अवसर पर हरिमोहन शर्मा, मनोज शर्मा, राकेश परमार, परमजीत सिंह, चंद्रभान चौधरी, यादवेंद्र सिंह, राजेंद्र राणा, शैलेंद्र सिंह, भुवनेश शर्मा, अन्नू वशिष्ठ, बिमल शर्मा, सुष्मिता शर्मा, नरेंद्र शर्मा, किरणदीप कौर, संगीता पराशर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जलदाय विभाग के पम्प हाउस में भरा पानी, नलों में नहीं हुई पेयजल सप्लाई

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** जिले के बनेठा कस्बे सहित आसपास के गांवों में पिछले दो दिनों से जारी बरसात के कारण जलदाय विभाग के पंप हाउस में शनिवार को पानी भर गया।

पंप हाउस में पानी भरने के कारण बिजली मोटर पानी में डूब गई जिसके कारण शनिवार को जलदाय विभाग द्वारा कस्बे के नलों में पानी की सप्लाई नहीं की गई। नलों में पानी नहीं आने के कारण ग्रामीणों को पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ा।

एक तरफ जहां इंद्रदेव सहित मानसून मेहरबान है वहीं दूसरी तरफ ग्रामीणों को पीने का पानी भी उपलब्ध नहीं हो रहा है। कस्बे में आए दिन पेयजलापूर्ति बाधित रहतीं हैं।

## चंद्रबाबू नायडू देश के सबसे अमीर मुख्यमंत्री

### 30 मौजूदा सीएम की कुल संपत्ति में 57% सिर्फ नायडू के पास

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू भारत के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं। उनके पास 931 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति है। देश के मौजूदा 30 मुख्यमंत्रियों के पास कुल 1632 करोड़ रुपए की संपत्ति है। इसका करीब 57% हिस्सा चंद्रबाबू के पास है। उनके पास 810 करोड़ रुपए की चल संपत्ति (कैश डिपॉजिट, जेवर आदि) और 121 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति (मकान, जमीन आदि) है। चंद्रबाबू पर 10 करोड़ रुपए का कर्ज भी है। वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पास सबसे कम संपत्ति है। उनके पास सिर्फ 15.38 लाख रुपए की चल संपत्ति है। ममता के पास किसी प्रकार की अचल संपत्ति नहीं है। चुनाव सुधार के लिए काम करने वाले ह्लह्व एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और नेशनल इलेक्शन वॉच की एक रिपोर्ट से इस बात की जानकारी मिली है।

27 राज्य और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के सभी मौजूदा 30 मुख्यमंत्रियों के हलफनामों का एनालिसिस करके यह रिपोर्ट तैयार की है। डेटा पिछला चुनाव लड़ने से पहले दायर हलफनामों से लिया गया है। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू है। अरुणाचल के सीएम सबसे ज्यादा कर्जदार 332 करोड़ रुपए की कुल संपत्ति के साथ अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू दूसरे सबसे अमीर सीएम नंबर पर हैं। उनके पास करीब 165 करोड़ रुपए की चल संपत्ति और 167 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति है। हालांकि, खांडू कर्जदार मुख्यमंत्रियों की लिस्ट में सबसे ऊपर हैं। उनके ऊपर 180 करोड़ रुपए से ज्यादा की देनदारी है। कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया तीसरे नंबर पर हैं। उनके पास 51 करोड़ रुपए की संपत्ति है।

## विधायक कृपलानी ने शनि अमावस्या पर किया अभिषेक



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** नगर के राजमाता सिंधिया मार्ग स्थित गायत्री नगर के श्री गजराज शनिदेव मंदिर पर शनि अमावस्या के पावन अवसर पर पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने भगवान शनिदेव एवं शिवजी का अभिषेक किया। इस अवसर पर पं. राजमल जोशी एवं पं. अभिषेक जोशी ने विधिविधान एवं मंत्रोच्चार के साथ हवन-यज्ञ कर पूर्णाहुति दिलवाई। तत्पश्चात महाआरती आयोजित की गई। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अशोक नवलखा, जे.के. सीमेंट यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, नगर महामंत्री देवकरण समदानी, जेके टेक्निकल हेड राजेश सोनी, एचआर हेड प्रभाकर मिश्रा, रविन्द्र गर्ग सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। हवन-यज्ञ एवं महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्त्री-पुरुष धर्मालु उपस्थित रहे।

## कजली तीज मेले में चंकी पांडे की धूम, बारिश भी नहीं थमा सकी उत्साह



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** कजली तीज महोत्सव के तहत आयोजित बॉलीवुड नाइट में मशहूर अभिनेता चंकी पांडे ने धमाकेदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। भारी बारिश के बावजूद दर्शक बड़ी संख्या में डटे रहे और चंकी पांडे के साथ झूमते नजर आए। रात करीब 11 बजे मंच पर पहुंचे चंकी पांडे ने हास्य-व्यंग्य से दर्शकों का अभिवादन किया और फिर 'सो गया ये जहां', 'मुंबई से आया मेरा दोस्त', 'ओ सद्दे नाल ऐश करोगे' व 'लाल दुपट्टे वाली' जैसे लोकप्रिय गीतों पर डांस कर माहौल को खुशनुमा बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला, कोटा नगर निगम महापौर राजीव अग्रवाल व संत राम लखन दास महाराज मुख्य अतिथि रहे। अतिथियों का माला, शॉल व साफा पहनाकर सम्मान किया गया। नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, आयुक्त धर्मेंद्र मीणा सहित अनेक जनप्रतिनिधि व अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता राजकुमार दाधीच ने किया।

## सुनिता मीणा बनीं संयुक्त मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार विरोधी सामाजिक न्याय संगठन की जिला अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान



**चौमहला (नि.स.)।** संयुक्त मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार विरोधी सामाजिक न्याय संगठन ने चौमहला निवासी सुनिता मीणा को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रांतिक कुमार दास ने उन्हें नियुक्ति पत्र और पहचान पत्र प्रदान किया। सुनिता मीणा की नियुक्ति पर समाजजनों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। अपनी नियुक्ति पर सुनिता मीणा ने कहा कि वे जिले में संगठन के माध्यम से मानवाधिकार संरक्षण, सामाजिक न्याय और भ्रष्टाचार उन्मूलन से संबंधित गतिविधियों को गति देंगी। उन्होंने आम नागरिकों में जागरूकता फैलाने और संगठन को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का संकल्प भी व्यक्त किया।

## परिचित ने मुलाकात के बहाने बुलाकर किया युवती से दुष्कर्म

### विरोध करने पर दी जान से मारने की धमकी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** आमेर थाना इलाके में एक 19 वर्षीय युवती से दोस्ती कर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित युवती के बयानों के आधार पर आरोपी परिचित के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। थानाधिकारी राजेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि जयसिंहपुरा खोर निवासी 19 वर्षीय युवती का आरोप है कुछ समय पहले ही उसकी आरोपी युवक से जान पहचान हुई थी। जिसके बाद दोनों में बातचीत होने लगी। आरोपी परिचित ने मार्च -2025 में उसे झूठ बोलकर मिलने के लिए कुंडा बुलाया और उसके अकेलेपन का फायदा उठाते हुए उसके साथ दुष्कर्म किया।

# बाढ़ जैसे हालात, 20 इंच वर्षा दर्ज, जिला कलक्टर ने किया दौरा, ली राहत एवं बचाव समीक्षा बैठक

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां (टी.आर. सैनी)।** नैनवां उपखंड क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। दो दिनों में 20 इंच वर्षा दर्ज की गई है। शहर के तीनों तालाब ओवरफ्लो हो चुके हैं तथा वेस्ट वेयर में तेज बहाव के चलते मुख्य मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं। कई बस्तियों में पानी भर जाने से आमजन प्रभावित है।

### ढहने लगे आशियाने

लगातार 48 घंटे की बारिश से कई कच्चे-पक्के मकानों में दरारें आ गई हैं। सुरक्षा की दृष्टि से लोग अपने घर खाली कर धर्मशालाओं में ठहराए गए हैं।

### राहत कार्यों की समीक्षा बैठक

शनिवार को नैनवां थाने में जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने राहत कार्यों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और आमजन से अपील की कि वे अति-आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकलें। कई गांवों का संपर्क जलभराव के कारण टूटा हुआ है। प्रभावित बस्तियों में राहत एवं बचाव कार्य जारी है। प्रशासन द्वारा विशेष टीमें रवाना की गई हैं।

### खानपुरा में बिगड़े हालात

लगातार बारिश से खानपुरा तालाब पर लगभग 5 फीट चादर चल रही है। तालाब की पाल के ऊपर से पानी बहने के कारण निचली बस्तियों में जलभराव हो गया है। अचानक पानी की आवक से कई घरों में पानी भर गया तथा परिवारों की खाद्य सामग्री और पशुओं का चारा भी डूब गया। शुक्रवार रात 10 बजे पानी की निकासी हेतु सड़क टोपा वाया खानपुरा को तोड़ना पड़ा।



**प्रभावित परिवारों** — वाइद, नूर मोहम्मद, सलीम भाई, डॉक्टर गोरी, सोनू कवानी, मुस्ताक अली, जान मोहम्मद, इमामुदीन, सत्यनारायण, किशन माली, राम माली, चौथमल माली, छोटू माली, बर्दीलाल माली, प्रजापत, बशीर भाई, अब्दुल कयूम, गुलजार भाई, आबिद भाई, मनोज जैन आदि — को शुक्रवार रात 9 बजे सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया और खाने-पीने की व्यवस्था करवाई गई।

### सड़क तोड़कर की गई निकासी

नैनवां नवलसागर में पालेश्वर महादेव के पास पाल क्षतिग्रस्त हो गई। वेस्टवेयर के पानी की निकासी के लिए कंवर की छतरियां से हाइवे लिंक रोड को तोड़ना पड़ा। वार्ड नंबर 15 में बाढ़ के हालात बने हुए हैं। छोटे तालाब के ओवरफ्लो होने से लगभग दो दर्जन मकानों में पानी भर गया, जिससे घरों का सामान व खाद्य सामग्री खराब हो गई।

## साईकिल तिरंगा यात्रा का आज मालपुरा में होगा भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** राजस्थान सरकार के हरियालो राजस्थान अभियान एक कदम पर्यावरण संरक्षण की ओर व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा चलाए जा रहे एक पेड़ माँ के नाम अभियान से प्रेरित होकर राजस्थान रोड राइडर्स व प्रियंका हॉस्पिटल जयपुर के तत्वावधान में रविवार को बीसलपुर में वृक्षारोपण का प्रोग्राम रखा गया है। प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जी.एल. शर्मा ने बताया कि सुबह 5 बजे अमर जवान ज्योति जयपुर से बीसलपुर तक लगभग 150 किलोमीटर तिरंगा साईकिल यात्रा रवाना होगी। तिरंगा यात्रा का मालपुरा पहुंचने पर जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। जिला आयोजना समिति सदस्य डॉक्टर अंकित जैन ने बताया कि अविकानगर में स्वास्तिक पैराडाइज पर भी तिरंगा यात्रा के सभी यात्रियों का स्वागत किया जाएगा।

## 50 हज़ार से अधिक श्रद्धालुओं ने लिया राम रसोड़े का लाभ

### आज महाप्रसादी व भजन संध्या के साथ होगा समापन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** श्री बाबा रामदेव सेवा समिति कपासन द्वारा संचालित 17 दिवसीय राम रसोड़ा रविवार शाम महाप्रसादी व विशाल भजन संध्या के साथ संपन्न होगा।

समिति के प्रबंधक एवं समाजसेवी भागीरथ चंदेल ने बताया कि पिछले करीब 20 वर्षों से कपासन नगर में रामदेवरा, सांवरियाजी, शनि महाराज एवं श्री चारभुजानाथ के दर्शन को आने-जाने वाले यात्रियों के लिए भोजन, आवास, चाय-नाश्ता और चिकित्सा सुविधा के साथ यह सेवा निरंतर जारी है। इस बार राधाकृष्ण मंदिर के समीप पंचायत समिति परिसर के बाहर स्थापित राम रसोड़े में 59 हज़ार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसादी, भोजन, चाय-नाश्ते व आवास सुविधाओं का लाभ लिया। समिति की ओर से श्रद्धालुओं की हर आवश्यकता का ध्यान रखते हुए सेवा कार्य किए गए। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि समापन अवसर पर बाबा रामदेव जी की महाआरती के बाद विशाल भजन संध्या होगी, जिसमें भजन गायक माधवलाल हापाखेड़ी, भैरूलाल बारेगामा, माधवलाल बैरवा कपासन और रतन कामड़ मूंगाना अपनी प्रस्तुतियां देंगे। भक्तों और आमजन से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस भक्ति संध्या का आनंद लेने का आग्रह किया गया है। इधर सोमवार को भादवी बीज पर बाबा रामदेव जी की जयंती के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, हवन यज्ञ और धार्मिक अनुष्ठान होंगे। राम रसोड़े के सफल संचालन में सोहनलाल कुमावत, नारायण चंदेल, रमाकांत त्रिपाठी, गोपाल टेलर, पंकज सिरोया, नंदकिशोर टेलर, शंभूलाल बागड़ा, अशोक विजयवर्गीय, मनीष बारेगामा, आशीष सोनी, महेश चाष्टा, पुखराज चंदेल सहित अनेक कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

# बारह रबीउल अव्वल पर्व की तैयारी, बैठक में सौहार्दपूर्ण आयोजन का आह्वान

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** बारह रबीउल अव्वल पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर मुस्लिम समाज की बैठक रविवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सदर अशफाक हुसैन तुर्कीया ने की तथा ओलमा-ए-किराम की सरपरस्ती रही। आम मुसलमान अंजुमन कमेटी के प्रवक्ता गुड्डू खान ने बताया कि चांद दिखने पर हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का जन्मदिन हर वर्ष की भांति धूमधाम से मनाया जाएगा।



कमेटी सेक्रेटरी सैयद असलम अली ने कहा कि जुलूस का मार्ग पूर्ववत रहेगा तथा इस दौरान दुपहिया वाहन और आतिशबाजी पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सदर अशफाक हुसैन ने कहा कि जुलूस में शामिल होने वाले लोग सफेद परिधान धारण करें और शरीयत, संविधान व कानून का पालन करें। वहीं नायब शहर काजी आदिल रजा ने संदेश दिया कि हमें पैगंबर की सुन्नतों पर अमल करते हुए अमन, चैन और इंसानियत का पैगाम फैलाना चाहिए।

बैठक में नायब सदर हाजी फकीर मोहम्मद शाह, कलंदरी मस्जिद इमाम अब्दुर्रहिम अशरफी, दरगाह मस्जिद इमाम शाकिर रजा, मस्जिद बड़ा तालाब इमाम सैयद मुस्तफा अली, मस्जिद मंसूरीयान इमाम रफीक अंसारी, नगर पालिका उपाध्यक्ष सैयद एजाज अली, पूर्व वरिष्ठ पार्षद हाजी अब्दुर्रहमान मंसूरी, हाजी शराफत हुसैन भाटी, मुख्तियार हुसैन पटेल सहित अनेक तंजीमों के प्रतिनिधि व मुस्लिम समाज के गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## स्मार्ट किड्स क्रिएशंस स्कूल कपासन को मिला स्कूल ऑफ द ईयर 2025 अवार्ड

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** स्मार्ट किड्स क्रिएशंस स्कूल कपासन को जयपुर में आयोजित स्कूल एंड टीचर ऑफ द ईयर अवॉर्ड्स 2025 समारोह में 'स्कूल ऑफ द ईयर' के प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान विद्यालय को आधुनिक शिक्षा पद्धतियों—डिजिटल लर्निंग, एआई, कोडिंग, बालिका शिक्षा, संस्कार निर्माण और समाज के प्रति उत्तरदायित्व जैसे क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया। अवार्ड स्मार्ट किड्स क्रिएशंस स्कूल के प्राचार्य डॉ. रवि चंदन को हिंदुस्तान बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के चीफ एडिटर अभिषेक सोनी और हैप्पीनेस कोच कपिल शर्मा ने प्रदान किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक दीनबंधु सोमानी ने कहा कि यह उपलब्धि पूरे स्कूल परिवार की मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। समारोह में देशभर से 50 श्रेष्ठ विद्यालयों और 100 श्रेष्ठ अध्यापकों को सम्मानित किया गया तथा उनका नाम हिंदुस्तान बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ।



## रख-रखाव के कारण आज कपासन में विद्युत आपूर्ति बाधित

बढ़ता राजस्थान

**कपासन।** 33 केवी जीएसएस पर आवश्यक रख-रखाव कार्य के चलते रविवार को कपासन क्षेत्र में चार घंटे बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

विद्युत विभाग के सहायक अभियंता मुनीश कांवत ने बताया कि 33 केवी फीडर कपासन पर रख-रखाव कार्य के कारण 33/11 केवी जीएसएस कपासन एवं बालाखड़ा रीको से निर्गत 11 केवी लाइनों की विद्युत आपूर्ति आज सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगी।

# प्रारंभिक एवं माध्यमिक संस्था प्रधानों की दो दिवसीय वाकपीठ संपन्न, 126 प्रधान हुए सहभागी

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** प्रारंभिक एवं माध्यमिक संस्था प्रधानों की संयुक्त दो दिवसीय वाकपीठ का शनिवार को समारोहपूर्वक समापन हुआ। इस वाकपीठ में कपासन क्षेत्र के कुल 126 संस्था प्रधानों ने भाग लिया।

समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवशंकर शर्मा ने की। इस अवसर पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेशचंद्र पाराशर, युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी, नगर मंत्री दिनेश सोनी और शिक्षाविद् रामनारायण शर्मा अतिथि रूप में उपस्थित रहे।

वाकपीठ के दौरान वार्ताकारों ने विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया। यशवंत जागेटिया ने राजस्थान सेवा नियम, आचरण व दंडात्मक कार्यवाही पर विस्तृत जानकारी दी, जबकि शिक्षक अनिल चाष्टा ने शाला दर्पण, साक्षरता और उल्लास ऐप पर प्रकाश डाला। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गोपाललाल शर्मा ने शैक्षिक नवाचारों से अवगत कराया। सचिव रतनलाल भांड ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समारोह में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और सेवानिवृत्त संस्था प्रधान प्रहलाद गौड़, प्यारचंद सेन, मिट्ठूदास वैष्णव और रामेश्वरलाल भांबी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में अशोक वैष्णव, चंद्रप्रकाश सिरोया, राजेंद्र चाष्टा, कैलाशचंद्र गौड़ और शिक्षक राजेंद्र व्यास का विशेष सहयोग रहा। संचालन मुकेशचंद्र त्रिपाठी ने किया।



## भव्य गुप्ता बने पोरवाल युवा संगठन चौमहला नगर अध्यक्ष, समाजजनों ने किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (नि.स.)।** पोरवाल युवा संगठन चौमहला के नगर अध्यक्ष पद पर भव्य गुप्ता की नियुक्ति की गई है। उनकी नियुक्ति पर समाजजनों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाइयाँ दीं और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। राष्ट्रीय अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन के संस्थापक राजेंद्र संघवी (देवास), संरक्षक गोविंद डपकरा, महासभा अध्यक्ष मुकेश नीमच, राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र उदिया, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विकास गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष अंकित पोरवाल %रुद्राक्ष%, राष्ट्रीय सचिव विष्णु पोरवाल सहित प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने मध्यप्रदेश, राजस्थान और गुजरात में जिला व नगर अध्यक्षों की घोषणा की। इसी क्रम में चौमहला से भी नगर अध्यक्ष पद पर भव्य गुप्ता का चयन हुआ। नियुक्ति की जानकारी मिलते ही चौमहला पोरवाल समाज अध्यक्ष राधेश्याम मांदलिया के नेतृत्व में समाज के वरिष्ठजनों और युवाओं ने ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और माल्यार्पण के साथ भव्य स्वागत किया। साफा बांधकर और मिष्ठान वितरित कर उन्हें सम्मानित किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष भव्य गुप्ता ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन और समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने युवाओं को संगठित कर समाजहित और प्रगति के लिए काम करने का संकल्प लिया।

# कैंसर पीड़िता ने कहा शरीर घर पर रहेगा, लेकिन मन कथा पांडाल में होगा, शिव महापुराण कथा हेतु दिए एक लाख रुपए

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** मेवाड़ की धरती पर पहली बार होने जा रही विश्वविख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की श्री शिव महापुराण कथा (9 से 15 सितंबर) को लेकर शहरवासियों में गहरा उत्साह है। श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत बाबूगिरी जी महाराज के सानिध्य में मेडिसिटी ग्राउंड, आज़ाद नगर में आयोजित इस कथा में सहयोग के लिए लोग आगे आ रहे हैं। कथा की तैयारियों के बीच एक प्रेरणादायी और भावपूर्ण प्रसंग सामने आया। समिति के कार्याध्यक्ष राधेश्याम सोमानी ने बताया कि कथा आयोजन हेतु सहयोग राशि जुटाने के दौरान समिति के मंत्री बद्रीलाल सोमानी, रामेश्वर ईनाणी, दिनेश सेन और रोहित गगरानी आज़ाद नगर क्षेत्र में जनसंपर्क कर रहे थे। इसी दौरान लांपिया बनेड़ा निवासी नारायण सिंह बल्ला ने समिति को बुलाया। उनकी पत्नी, कैंसर पीड़िता श्रीमती भंवर कंवर ने व्यक्तिगत रूप से समिति सदस्यों को एक लाख रुपये की राशि कथा आयोजन के लिए समर्पित की। उन्होंने भावुक स्वर में कहा मैं नियमित रूप से प्रदीप मिश्रा जी की कथा टीवी पर सुनती हूँ। भीलवाड़ा में मेरे घर के पास कथा हो रही है, मेरा शरीर भले घर पर रहेगा, लेकिन मेरा मन पांडाल में ही रहेगा। इस अवसर पर उनके पुत्र-पुत्रियां भी उपस्थित रहे। समिति के पदाधिकारियों ने श्रीमती भंवर कंवर के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की और उन्हें कथा स्थल पर आने का आग्रह किया।



## बारिश का कहर: 162 बिजली के खंभे और 21 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त, कई इलाकों में बिजली ठप

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जिले में गुरुवार मध्यरात्रि से जारी मूसलाधार बारिश ने जनजीवन के साथ-साथ विद्युत व्यवस्था को भी अस्त-व्यस्त कर दिया है। तेज बारिश और जलभराव के चलते 162 बिजली के खंभे व 21 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिससे कई ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है। जयपुर विद्युत वितरण निगम के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि प्राकृतिक आपदा में 14 घरेलू व 7 कृषि उपयोग के ट्रांसफार्मर धराशायी हो गए हैं। लगातार पानी भरने से कई जीएसएस और फीडर लाइनें डूब गईं, जिन्हें सुरक्षा कारणों से बंद करना पड़ा।

केशवरायपाटन सब-डिवीजन में कापरेन ग्रामीण और अरनेठा जीएसएस से जुड़े फीडरों की बिजली आपूर्ति बंद है, वहीं लाखेरी क्षेत्र के घाट का बराना, झाली जी का बराना और नोताडा गांव अंधेरे में डूबे हुए हैं।

# सुप्रीम कोर्ट महिला वकील संघ बोला- पूर्व जज का बयान अपमानजनक

## काटजू ने कहा था-महिला वकीलों के आंख मारने पर पक्ष में फैसला देता था

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट महिला वकील संघ ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज मार्कंडेय काटजू की टिप्पणी को चौंकाने वाला और अपमानजनक बताया है। काटजू ने 20 अगस्त को सोशल मीडिया पर लिखा था कि जिन महिला वकीलों ने मुझे आंख मारी, मैंने उनके पक्ष में फैसला दिया। एससीडब्ल्यूएलए ने शनिवार को कहा कि यह बयान हर महिला वकील की गरिमा, ईमानदारी और पेशेवर पहचान पर सीधा हमला है। ऐसे शब्द महिलाओं की मेहनत और योग्यता को कमतर दिखाते हैं। एससीडब्ल्यूएलए ने कहा, एक पूर्व जज, जिन्हें कभी संविधान की रक्षा और न्यायिक मूल्यों को बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, उनसे ऐसी सोच की उम्मीद नहीं थी। ऐसे बयान न्यायपालिका की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हैं और समाज में गलत धारणाओं को बढ़ावा देते हैं। एससीडब्ल्यूएलए ने काटजू से बिना शर्त सार्वजनिक माफी की मांग की और सभी वकीलों से अपील की है कि ऐसी मानसिकता का कड़ा विरोध किया जाए। वहीं, विवाद बढ़ता देख काटजू ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्वीटर पर माफी मांगते हुए इसे मजाक बताया है।

### कर्नाटक धर्मस्थल केस

# शिकायतकर्ता ही गिरफ्तार

**कहा था- लाशें जलाने-दफनाने को मजबूर किया, एसआईटी बोली- बयान और दस्तावेज में फर्क**

बढ़ता राजस्थान

**मंगलुरु( एजेंसी )।** कर्नाटक के धर्मस्थल में कई शवों को दफनाने के केस में नया ट्विस्ट आया है। राज्य सरकार की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने मामले के शिकायतकर्ता को ही गिरफ्तार किया है। उस पर झूठा बयान देने और गलत सबूत पेश करने का आरोप है। गिरफ्तार शिकायतकर्ता मंदिर का पूर्व सफाई कर्मचारी था। इसी ने दो दशकों तक धर्मस्थल में कई हत्याओं, बलात्कार और शव दफनाने का आरोप लगाया था। उसकी पहचान सी एन चिन्नैया के रूप में हुई है। एसआईटी चीफ प्रणब मोहंती ने बताया कि उसके बयान और दस्तावेज में फर्क निकला। इसके बाद चिन्नैया से शुक्रवार देर रात तक पूछताछ की। फिर शनिवार सुबह उसे अरेस्ट किया गया और फर्स्ट क्लास ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट विजयेंद्र की कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने चिन्नैया को 10 दिन की एसआईटी की कस्टडी में भेज दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, चिन्नैया ने 11 जुलाई को बेल्थंगडी मजिस्ट्रेट के सामने बयान दिया था और एक खोपड़ी व कुछ हड्डियां पेश की थीं। उसने दावा किया था कि यह अवशेष एक महिला के हैं, जिसका यौन शोषण हुआ था। लेकिन फॉरेंसिक रिपोर्ट में यह अवशेष एक पुरुष के पाए गए।

# खट्टर बोले- मनीषा केस में पुलिस ने कुछ चीजें ढूंढीं

## झगड़ा और दोषी निकला तो लोकल निकलेगा; पिता का वीडियो- राजनीति न करें

बढ़ता राजस्थान

**भिवानी/चंडीगढ़।** हरियाणा में भिवानी की लेडी टीचर मनीषा की मौत के मामले में केंद्रीय मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि हरियाणा पुलिस मामले की सही जांच कर रही है। उन्होंने कुछ चीजें ढूंढी हैं। फिर भी परिवार की मांग पर केस सीबीआई को सौंपा जाएगा। झगड़ा या दोषी निकला तो लोकल ही निकलेगा। इसमें सरकार का कुछ नहीं है। दोषी जो भी होगा, उसे सख्त सजा मिलेगी। उधर, बेटी की मौत पर हो रही राजनीति से पिता संजय परेशान हो गए। संजय ने अपना एक नया वीडियो जारी किया है। जिसमें उन्होंने कहा कि उनकी बेटी की मौत के बाद से राजनीति की जा रही है। वह लगातार राजनीतिक दलों के कुछ-कुछ कहने पर परेशान हो गए हैं। उन्होंने हाथ जोड़कर कहा कि कोई भी इस मामले में राजनीति न करें। वीडियो में पिता संजय ने सरकार द्वारा उनकी दोनों मांगें माने जाने पर भी संतुष्टि जताई है। इसलिए इस मामले में राजनीति न करने की पिता ने अपील की है। बता दें कि शुक्रवार को विधानसभा में मानसून सत्र के दौरान विपक्ष ने जमकर हंगामा किया था। कांग्रेस ने मनीषा की मौत और लॉ एंड ऑर्डर को लेकर काम रोको प्रस्ताव दिया था।

**ममता की पार्टी बोली- जेपीसी तमाशा**

# टीएमसी का कोई मेंबर नहीं होगा; पीएम और सीएम को हटाने वाले बिल पर चर्चा के लिए बनेगी कमेटी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/कोलकाता( एजेंसी )।** ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी ने गिरफ्तार पीएम-सीएम और मंत्रियों को हटाने वाले बिल समेत तीन विधेयकों पर विचार के लिए बनाई गई जेपीसी को तमाशा बताया है। पार्टी ने कहा कि है वह इसमें कोई सदस्य नहीं भेजेगी। सरकार ने मानसून सत्र में केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक 2025, संविधान (एक सौ तीसवां संशोधन) विधेयक 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2025 को पेश किया था। दोनों सदनों ने इन विधेयकों को एक जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी को भेजने का प्रस्ताव पारित किया, जिसमें लोकसभा के 21 और राज्यसभा के 10 सदस्य शामिल होंगे। समिति शीतकालीन सत्र में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

### राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय

## आर्थिक समृद्धि, सतत् विकास एवं समावेशी प्रगति के लिए

# 'विकसित राजस्थान-2047' विजन डॉक्यूमेंट का अनुमोदन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित मंत्रिमण्डल की बैठक में प्रदेश की आर्थिक समृद्धि, सतत् विकास एवं समावेशी प्रगति के विजन डॉक्यूमेंट 'विकसित राजस्थान@2047' एवं 2 नीतियों को मजूंरी दी गई। इसके साथ ही, आगामी विधानसभा सत्र को देखते हुए 3 विधेयकों के प्रारूप के अनुमोदन, परवन बांध डूब क्षेत्र के विस्थापितों को विशेष अनुग्रह राशि स्वीकृत करने तथा युवाओं में उद्यमिता को प्रोत्साहन देने से जुड़े महत्वपूर्ण फैसले किए गए।

संसदीय कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ तथा जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री श्री बाबूलाल खराड़ी ने पत्रकार वार्ता में बताया कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप राज्य सरकार के 'विकसित राजस्थानञ्च2047' विजन डॉक्यूमेंट का मंत्रिमण्डल द्वारा अनुमोदन किया गया। उन्होंने कहा कि राज्य को आर्थिक समृद्धि, सतत् विकास एवं समावेशी प्रगति की दिशा में सशक्त, आत्मनिर्भर एवं विकसित बनाने का रोडमैप है। विजन डॉक्यूमेंट के अनुरूप संबंधित विभाग विस्तृत कार्ययोजना तैयार करेंगे तथा वित्तीय आवश्यकताओं का वर्षवार आकलन कर उपलब्ध संसाधनों के अनुसार इसकी क्रियान्विति करेंगे। मंत्रिपरिषद् की बैठक में वन स्टेट-वन इलेक्शन को लेकर चर्चा कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्यमंत्री महोदय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की गई। संसदीय कार्य मंत्री श्री पटेल ने बताया कि राज्य सरकार वन स्टेट, वन इलेक्शन को लागू करने की दिशा में निरंतर जरूरी कदम उठा रही है। पंचायतीराज एवं शहरी निकायों के परिसीमन, पुनर्गठन इत्यादि के संबंध में गठित मंत्रिगणों की कमेटियों द्वारा प्रस्तुत की गई रिपोर्ट को मुख्यमंत्री द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य ओबीसी आयोग सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की पालना करते हुए पंचायती राज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों के निर्वाचन में अन्य पिछड़ा वर्ग के सम्बन्ध में आरक्षण के बारे में सर्वे पूरा होने के बाद आगामी तीन माह में अनुशंषा देगा।



### उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिए विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा युवाओं को स्वावलंबी बनाने एवं रोजगार के नए अवसर उपलब्ध करने के उद्देश्य से विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना को मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी प्रदान की गई। इस योजना के तहत 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को वित्तीय संस्थानों के माध्यम से मार्जिन मनी एवं कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे स्वयं का उद्यम स्थापित कर सकेंगे या पहले से स्थापित उद्यम का विस्तार, विविधीकरण अथवा आधुनिकीकरण कर सकेंगे। योजना में अधिकतम 2 करोड़ रुपये तक के ऋण पर 8 प्रतिशत तक ब्याज अनुदान दिया जाएगा। महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग श्रेणी के उद्यमियों, ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित उद्यम, कार्ड धारक बुनकर एवं शिल्पकारों को 1 करोड़ से अधिक और 2 करोड़ रुपये तक के ऋण पर 1 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज अनुदान मिलेगा। साथ ही, वित्तीय संस्थान द्वारा दिए गए ऋण पर 25 प्रतिशत अथवा अधिकतम 5 लाख रुपये तक मार्जिन मनी अनुदान भी प्रदान किया जाएगा।

### रिम्स की स्थापना के लिए आएगा विधेयक

संसदीय कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने कहा कि वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा की अनुपालना में राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज का उन्नयन कर राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स), जयपुर की स्थापना के लिए विधेयक के प्रारूप पर कैबिनेट में सहमति प्रदान की गई। एम्स, नई दिल्ली की तर्ज पर यह संस्थान राज्य का एकमात्र पीजी स्तर का चिकित्सा संस्थान होगा। इसके माध्यम से सुपर-स्पेशियलिटी स्वास्थ्य सेवाओं को नया आयाम मिलेगा तथा चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और रोगी देखभाल के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति होगी। श्री पटेल ने कहा कि सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय के अधीन संचालित राज्य कैंसर संस्थान भी रिम्स में शामिल होगा।

### नगरीय क्षेत्रों के लिए भूमि आवंटन नीति-2025 को मंजूरी

संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि राज्य में सार्वजनिक, सामाजिक, धार्मिक एवं चैरिटेबल संस्थाओं, ट्रस्ट, निजी निवेशकों, कम्पनियों तथा विभिन्न विभागों द्वारा शैक्षणिक, चिकित्सकीय, औद्योगिक, व्यावसायिक और पर्यटन इकाइयों आदि के लिए भूमि आवंटन प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी, एकरूप बनाने के उद्देश्य से 'नगरीय क्षेत्रों में विभिन्न उद्देश्यों के लिए भूमि आवंटन नीति-2025' लाई जा रही है। इस नीति में विभिन्न सामाजिक उपयोगों हेतु भूमि आवंटन आरक्षित/डी.एल.सी. दर की 40 प्रतिशत दर पर किया जाएगा। रीको एवं आवासन मंडल को अविकसित भूमि कृषि डी.एल.सी. दर पर आवंटित की जा सकेगी। राजकीय विभागों को उनकी गतिविधियों हेतु निर्धारित सीमा तक भूमि निःशुल्क आवंटित की जाएगी। साथ ही पर्यटन, आई.टी. उद्योग जैसी विशिष्ट नीतियों के तहत भी राज्य सरकार की स्वीकृति से भूमि आवंटन किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि यह नीति भूमि आवंटन नीति-2015 को प्रतिस्थापित करेगी। इस नीति के अंतर्गत आवासीय परियोजना, वाणिज्यिक परिसर, रिटेल फ्यूल स्टेशन, गैस वितरण प्रोजेक्ट, गैस गोदाम, रेड कैटेगरी उद्योग आदि को भूमि आवंटन नहीं किया जाएगा।

# सीजेआई बोले- परीक्षा में नंबर-रैंक सफलता तय नहीं करते

बढ़ता राजस्थान

**पणजी( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायधीश बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि परीक्षा में अंक और रैंक यह तय नहीं करते कि छात्र कितना सफल होगा। उसको सफलता मेहनत, लगन और समर्पण से मिलती है। सीजेआई गोवा के वीएम सालगांवकर लॉ कॉलेज के स्वर्ण जयंती समापन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने अपने छात्र जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि वे कॉलेज में कम जाते थे, उनके दोस्त उपस्थिति लगाते थे। लेकिन फिर भी पुराने प्रश्नपत्र पढ़कर मेरिट लिस्ट में तीसरे स्थान पर आए। सीजेआई ने कहा, मेरे बैच का टॉपर क्रिमिनल लॉयर बना, दूसरे नंबर पर आने वाला साथी हाईकोर्ट जज बना और मैं खुद भारत का मुख्य न्यायाधीश बना हूं। ये उदाहरण है कि रैंक से सफलता नहीं मिलती।



### दिल्ली से खाटूश्यामजी-सालासर के लिए हेलिकॉप्टर सेवा शुरू

**सीकर।** दल्ली से खाटूश्यामजी (सीकर)-सालासर बालाजी (चूरू) के लिए हेलिकॉप्टर सेवा आज (शनिवार) से शुरू हो गई। फिलहाल एक दिन में एक ही उड़ान होगी। हेलिकॉप्टर में आने वाले लोगों को मंदिर में वीआईपी दर्शन करवाए जाएंगे। इसके अलावा होटल और खाने-पीने की सुविधा भी दी जाएगी। ये पूरा पैकेज प्रति व्यक्ति 95 हजार रुपए का है। पहले दिन शनिवार को कवि और लेखक डॉ. कुमार विश्वास अपने परिवार के साथ हेलिकॉप्टर से बाबा श्याम के दर्शन करने पहुंचे। उनका हेलिकॉप्टर खाटूश्यामजी मंदिर से 9 किलोमीटर दूर जालूण्ड हेलीपैड पर उतरा।

# विपक्ष के उपराष्ट्रपति कैंडिडेट बोले- चुनाव की गरिमा बनी रहे

## किसी पर पर्सनल अटैक न हों; शाह ने रेड्डी को नक्सलवाद समर्थक बताया था

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी ने शनिवार को कहा कि वे चाहते हैं कि इस चुनाव की गरिमा बनी रहे और ये अब तक के सभ्य चुनावों में से एक हो। कोई किसी पर पर्सनल अटैक न करे।

विपक्ष उम्मीदवार ने कहा- राधाकृष्णन और मेरे बीच कोई निजी लड़ाई नहीं है। हम कभी एक-दूसरे से मिले भी नहीं हैं। इसलिए मैं चाहता हूं कि मुकाबला व्यक्तियों के बीच नहीं बल्कि दो अलग-अलग विचारधाराओं के बीच हो। यह चुनाव दो विचारधाराओं के बीच है। एनडीए उम्मीदवार राधाकृष्णन आरएसएस के सदस्य रहे हैं। मैं उनसे नहीं बल्कि उस विचारधारा से



असहमत हूं, जिससे वे जुड़े हैं। दरअसल, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा था कि सुदर्शन रेड्डी वही हैं, जिन्होंने वामपंथी उग्रवाद और नक्सलवाद को समर्थन देने वाला जजमेंट दिया था। अगर सलवा जुडूम के खिलाफ जजमेंट न होता तो वामपंथी उग्रवाद 2020 तक खत्म हो गया होता। रेड्डी ने शाह के बयान पर कहा- मैं उनसे बहस नहीं करना चाहता।

### कटिहार में राहुल गांधी ने कारखाने में बनाया मखाना

# किसानों से समझी पूरी मेकिंग प्रोसेस; बोले- हमें वोट चोरी नहीं होने देना चाहिए

बढ़ता राजस्थान

**कटिहार ( एजेंसी )।** बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के 7वें दिन राहुल गांधी कटिहार पहुंचे। यहां उनके साथ मुकेश सहनी और तेजस्वी यादव भी मौजूद रहे। सिमरिया में राहुल मखाने की खेती देखने के लिए घुटने तक पैंट चढ़ाकर तालाब में उतरे। किसानों से समझा कि मखाने की खेती कैसे होती है। शाम होते-होते राहुल गांधी, मुकेश सहनी के साथ मखाना कारखाने में पहुंच गए। उन्होंने यहां खुद मखाना बनाया। किसानों से मखाना बनाने की पूरी प्रोसेस को भी समझा। राहुल जब मखाना फोड़ रहे थे तो लोग कहते रहे हाथ बचाकर रखना। इस दौरान राहुल गांधी के समर्थन में नारेबाजी भी होती रही। उन्होंने ट्वीटर पर पोस्ट कर मखाना किसानों को मिल रहे दाम पर सवाल उठाए।



आने वाले दिनों में वोटर अधिकार यात्रा में कांग्रेस के कई बड़े नेता शामिल होंगे। प्रियंका गांधी 26-27 अगस्त को इस यात्रा का हिस्सा होंगी।

वहीं कटिहार में अपने संबोधन में राहुल गांधी ने कहा, वोट चोर गड्डी छोड़ अब शाम को टीवी देखिए। आपको यह नारा नहीं दिखेगा।

# जयशंकर बोले- भारत-अमेरिका की कट्टी नहीं

## ट्रेड पर बातचीत जारी; रूसी तेल बेचने पर कहा- जिन्हें दिक्कत, वो नहीं लें, हम मजबूर नहीं करते

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि अभी भी भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड को लेकर बातचीत जारी है और उनके बीच कोई 'कट्टी (झगड़ा)' नहीं हुआ है।

नई दिल्ली में आयोजित इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम 2025 में शनिवार को बोलते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत किसानों और छोटे उत्पादकों के हितों को ध्यान में रखकर फैसले ले रहा है।

रूसी तेल खरीद पर उन्होंने कहा कि भारत अपने राष्ट्रीय हित को देखते हुए ही फैसले लेगा। उन्होंने रूसी तेल को ऊंचे दाम पर बेचने के आरोप पर कहा कि अगर किसी देश को भारत से तेल खरीदने में



समस्या है तो वे इसे न खरीदे। भारत किसी भी देश को इसके लिए मजबूर नहीं कर रहा। टैरिफ विवाद पर बोलते हुए जयशंकर ने तीन मुद्दों पर बात की जिनमें व्यापार, रूसी तेल खरीद और भारत-पाक के बीच मध्यस्थता शामिल है ।

जयशंकर ने भारत-पाक संघर्ष के मुद्दे पर कहा कि हम पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों में मध्यस्थता स्वीकार नहीं करते हैं।

उन्होंने कहा- मध्यस्थता के विरोध की बात आती है, तो हम बहुत स्पष्ट हैं। दरअसल, ट्रम्प मई में हुए भारत-पाक संघर्ष को लेकर कई बार सीजफायर कराने का दावा कर चुके हैं। हालांकि, इसे भारत हमेशा खारिज करते आया है।

जयशंकर ने कहा- जब कोई संघर्ष होता है, तो देश एक-दूसरे से बात करते हैं। अमेरिका और अन्य देशों ने भी फोन किए थे, यह कोई सीक्रेट नहीं है। मेरे सभी फोन कॉल्स मेरे ट्वीटर अकाउंट पर हैं। जैसे मैंने इजराइल-ईरान या रूस-यूक्रेन संकट के दौरान फोन किए थे। आज के ग्लोबल रिश्तों में यह आम बात है। लेकिन यह कहना कि भारत-पाकिस्तान के बीच समझौता उनकी वजह से हुआ, गलत है।

**अमेरिका, पाकिस्तान के साथ अपने पुराने रिश्ते भूल रहा है**

जयशंकर ने आगे कहा कि अमेरिका, पाकिस्तान के साथ अपने पुराने रिश्तों को भूल रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि दुनिया का सबसे खतरनाक आतंकी लादेन 2011 में पाकिस्तान के एबटाबाद शहर में ही मिला था। जयशंकर ने कहा- अमेरिका और पाकिस्तान का एक इतिहास है,और वे इसे बार-बार नजरअंदाज करते हैं। यह पहली बार नहीं है। कुछ देश सुविधा के लिए राजनीति करते हैं, जिसमें कुछ रणनीतिक फायदे हो सकते हैं।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार